CMYK

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 17°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, रविवार 15 मार्च 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 104 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 25 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दलित विरोधी सोच वाली पार्टी कांग्रेस, सतर्क रहने की जरूरत : मायावती पेज 2



द्रविड़, बिन्नी और मिताली को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार खेल टाइम्स



ईरान के 'ताज का नगीना' है खार्ग द्वीप पेज 11



इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा बनना बेहद खास और महत्वपूर्ण पल : शर्वरी बॉलीवुड

# अमेरिका ने खार्ग द्वीप में 90 सैन्य ठिकाने किए तबाह

**तेहरान/ वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के एक अहम ठिकाने पर बड़ा हवाई हमला किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खार्ग द्वीप पर बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां मौजूद सभी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया है।

ट्रम्प के अनुसार यह हमला अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से किया गया और इसका उद्देश्य ईरान से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना था। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकाम) का दावा है कि उसने ईरान के खार्ग द्वीप पर 90 सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है।



■ यूएस सेना ने बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां सभी ईरानी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट किया: ट्रम्प

सेंटकाम ने शुक्रवार रात ईरान के खार्ग द्वीप पर हुए हमलों को बड़े पैमाने पर सटीक हमला बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक संक्षिप्त बयान में, उसने कहा कि हमले में नौसैनिक खदान भंडारण सुविधाओं, मिसाइल भंडारण बंकरों और कई अन्य सैन्य स्थलों को नष्ट कर दिया गया। बयान में आगे कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने 90 से अधिक ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, साथ ही तेल बुनियादी ढांचे को भी सुरक्षित रखा। एक ईरानी अधिकारी ने इससे पहले कहा था कि तेल कंपनियों की गतिविधियां जारी रहने के कारण द्वीप से निर्यात पूरी तरह से चल रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह हमला मध्य पूर्व के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप पर मौजूद सभी सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया।

## ईरान ने यूएई के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना, लगी भीषण आग

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक बड़े तेल टर्मिनल में शनिवार को आग लग गई। यह घटना उस समय हुई, जब कुछ घंटे पहले ही अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप स्थित अड्डों पर बमबारी की। बताया जा रहा है कि ईरान ने जवाब में यूएई के तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है। यह शहर एक बड़ा बंदरगाह स्थल है और क्षेत्र के तेल व्यापार में इसकी अहम भूमिका। यहां एक अहम तेल निर्यात टर्मिनल भी मौजूद है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह आग उस मलबे के गिरने से लगी, जो एक ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराने के बाद नीचे गिरा था।

## ईरान का सऊदी अरब में अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला

**रियाद।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। सऊदी अरब से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला किया, जिसमें अमेरिकी वायुसेना के कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही ईरान ने सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस को भी निशाना बनाया और खूब बम बरसाए। इन हमलों में वहां खड़े पांच अमेरिकी वायुसेना के पांच रिफ्यूअलिंग (तेल भरने वाले) विमान क्षतिग्रस्त हो गए। विमान पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और उन्हें मरम्मत के लिए भेजा गया है।

## बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमला : मीडिया

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में स्थित अमेरिकी दूतावास परिसर के पास ड्रोन हमले की घटना सामने आई है। मीडिया में प्रसारित एक वीडियो में दूतावास परिसर के आसपास स्थित एक इमारत से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दे रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमला सीधे अमेरिकी दूतावास परिसर पर हुआ है या आसपास के किसी अन्य इमारत पर हुआ।

## 25वां रोज़ा

### नमाजी और इबादत करने वाले आबिद मशगूल व मसरूफ



अल्लाह की मेहरबानी से माहे-रमजान का कारवां पच्चीसवें रोज़े तक पहुंच गया है। दोजख से निजात का अशरा चल रहा है। तरावीह के साथ-साथ नवाफिल पढ़ने और तिलावते- कुरआन का दौर जारी है। एतेकाफ भी परवान पर है। यानी रोज़ा रखने वाले रोज़ेदार, एतेकाफ करने वाले मोअतकिफ और नमाज पढ़ने वाले नमाजी और इबादत करने वाले आबिद मशगूल और मसरूफ हैं। यानी दोजख से निजात के लिए रमज़ान के इस आखिरी अशरे में रोज़ेदार कोशां है। कोशिश और करम की कड़ियों को जोड़ा जा रहा है।

# 92700 मीट्रिक टन गैस लेकर आ रहे शिवालिक व नंदा

**नई दिल्ली, वार्ता**

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष के बीच देश में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार सक्रिय है। भारत की राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स के मोर्चे पर महत्वपूर्ण गतिविधियां दर्ज की गई हैं।

एक तरफ जहां भारी मात्रा में एलपीजी गैस लेकर विशाल टैंकर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ घरेलू बाजार में आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वालों के खिलाफ एजेंसियों ने सख्त रुख अपना लिया है। शनिवार को सरकार की ओर से बताया गया कि शिवालिक और नंदा नाम के एलपीजी टैंकर इस समय रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट को पार कर चुके हैं और भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यह एक बड़ा ऊर्जा लाजिस्टिक्स ऑपरेशन है, क्योंकि ये दोनों पोत कुल मिलाकर 92,700 मीट्रिक टन गैस का बड़ा शिपमेंट लेकर आ रहे हैं। जहाजरानी मंत्रालय ने बताया कि तय योजना के मुताबिक, ये वाणिज्यिक -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ मौजूदा दौर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट को पार कर चुके हैं टैंकर

## उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं : सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि देश के पास खरीफ 2026 सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और इसे लेकर बिल्कुल भी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि उर्वरकों के स्टॉक के मामले में पिछले साल से बेहतर स्थिति है। यूरिया और एनपीके का भंडारण पिछले साल की तुलना में कहीं अधिक है। विशेष रूप से डीएपी का स्टॉक पिछले साल के मुकाबले दोगुना है।

## भारतीय नाविकों की सुरक्षित और सफल वापसी

**नई दिल्ली।** कमर्शियल शिपिंग और लॉजिस्टिक्स के अलावा, समुद्री क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी सकारात्मक खबर सामने आई है। आधिकारिक सूचना के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के भीतर 30 भारतीय नाविकों को सफलतापूर्वक सुरक्षित भारत वापस लाया गया है। यह कदम समुद्री ऑपरेशंस से जुड़े मानव संसाधन की सुरक्षा और संकट प्रबंधन की सफलता को दर्शाता है। आपूर्ति तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ, घरेलू बाजार में गैस और आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम किल्लत पैदा करने वाले तत्वों पर भी कड़ा प्रहार किया जा रहा है।

# सम्भल में नमाज पर रोक के मामले में हाईकोर्ट सख्त

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल में रमजान के दौरान नमाज पढ़ने पर प्रतिबंध से जुड़े मामले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम नहीं है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या स्थानांतरण ले लेना चाहिए।

यह मामला सम्भल निवासी मुनाजिर खान द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्हें गाटा संख्या 291 स्थित मस्जिद में रमजान के दौरान नमाज अदा करने से रोका जा रहा है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि कानून व्यवस्था की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने नमाज पढ़ने वालों की संख्या सीमित कर दी है और केवल 20 लोगों को ही नमाज की अनुमति दी गई है। इस पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य का कर्तव्य है कि वह कानून का राज सुनिश्चित करे। यदि स्थानीय प्रशासन को कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है और वह स्थिति संभालने में सक्षम नहीं है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या सम्भल से बाहर स्थानांतरण ले लेना चाहिए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि पूजा या नमाज किसी निजी संपत्ति पर की जा रही है तो इसके लिए राज्य से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होती। अनुमति की जरूरत तभी होती है जब धार्मिक आयोजन सार्वजनिक भूमि पर हो या सार्वजनिक संपत्ति को प्रभावित करता हो। हालांकि अदालत ने याचिकाकर्ता से यह भी कहा कि वह मस्जिद या नमाज की जगह के फोटो और राजस्व अभिलेख रिकॉर्ड पर पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च 2026 को होगी, जब याचिकाकर्ता अतिरिक्त शपथपत्र के साथ सबूत पेश करेंगे।

### अदालत ने कहा: प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है, तो पद छोड़ दे



■ निजी संपत्ति पर पूजा या नमाज की अनुमति लेना जरूरी नहीं: हाईकोर्ट




## अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है। इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है, जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सूची में मुजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी (सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी (सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का काम करता है।

# सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती: राहुल

■ कहा: मोदी सरकार ने एमएसपी का वादा नहीं निभाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने किसानों से फसल की लागत के साथ ही 50 प्रतिशत और देने का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है और ऐसा लगता है मोदी सरकार वादे को निभाना नहीं चाहती है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया फसल की लागत के साथ 50 फीसदी कानूनी एमएसपी का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ। सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एएसपी नीति दोहरा दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के 'राष्ट्रीय प्राथमिकताओं' के नाम पर सही ठहराया गया।

# एआई वकील के दिमाग की जगह नहीं ले सकता: जस्टिस विक्रमनाथ

■ सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- एआई समय बचाने में मददगार, लेकिन अनुशासित फैसले लेने के काबिल नहीं

**हैदराबाद।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि एआई वकील के प्रशिक्षित दिमाग और जज की नैतिक जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने आगे कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई समय बचा सकता है और कानूनी काम के कुछ पहलुओं को ज्यादा आसान बना सकता है।

जस्टिस विक्रम तेलंगाना में एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। जस्टिस नाथ ने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी किसी नोट का ड्राफ्ट बनाने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि एआई के गलत इस्तेमाल की वजह से न्यायिक व्यवस्था को इस हद तक नहीं जाना चाहिए कि वह इससे पूरी तरह से दूरी बना ले। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि एआई महज एक टूल है, और एक टूल को टूल ही रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज, सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य जज, जस्टिस अपारेष कुमार सिंह ने भी बात रखी।

# जोधपुर जेल से रिहा हुए सोनम वांगचुक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। यह रिहाई उस समय हुई जब केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) को हटा दिया। मंत्रालय ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए लिया गया है।

सरकार का कहना है कि यह फैसला लद्दाख में शांति और स्थिरता का माहौल बनाने के लिए लिया गया है। वांगचुक को 26 सितम्बर 2025 को हिरासत में लिया गया था। इससे ठीक दो दिन पहले लेह में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बड़े प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भी हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 45 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिनमें 22 पुलिसकर्मी भी शामिल थे। हिंसा के बाद लेह के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था, ताकि इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बाद में उन्हें राजस्थान के जोधपुर स्थित जेल में भेज दिया गया था। वांगचुक की हिरासत रद्द करते हुए गृह मंत्रालय ने बयान जारी कहा कि केंद्र सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी भरोसा कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी पक्षों के साथ सार्थक और रचनात्मक बातचीत हो सके।



■ केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे एनएसए को हटाया
■ लद्दाख के नए उपराज्यपाल ने किया फैसले का स्वागत

# तृणमूल कांग्रेस पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य के सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है।

ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ।



■ कोलकाता के ब्रिगेड मैदान रैली में भरी हुंकार
■ कहा: बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा

शनिवार को एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है, चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार! सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### संसद में सांसदों को नहीं मिल रही चाय: कांग्रेस एमपी

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में बिगड़े हालात की वजह से देश में गैस संकट पैदा हो गया है, जिसको लेकर शनिवार को संसद में सरकार और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। सरकार का दावा है कि स्थिति काबू में है और वह डिमांड को पूरा करने के लिए काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के भारी अंतर को उजागर किया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सांसदों को संसद में चाय मिलने में भी दिक्कत हो रही है और लोगों 'कालाबाजारी' के चलते बढ़ी हुई कीमतों लिए 1500 से 2000 रुपये देने पड़ रहे हैं। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि कमी है। मैं रोज़ा (व्रत) रख रहा हूं, लेकिन कल संसद में चर्चा का विषय यह था कि जब सांसदों ने संसद कैंटीन में चाय या काफी मांगी, तो उन्हें बताया गया कि यह उपलब्ध नहीं है और फिर भी आप दावा करते हैं कि घबराने की कोई ज़रूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कालाबाजारी की खबरें आ रही हैं, जिसमें कीमतें 1500 से 2000 रुपये तक मांगी जा रही हैं।

### रविदास हम सबके प्रेरणास्रोत: दत्तात्रेय होसबाले

**नई दिल्ली।** संत शिरोमणि सद्गुरु श्री रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष पर श्रद्धासुमन अर्पित करते दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि रविदास समरस समाज निर्माण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और राष्ट्रीय एकात्मता का प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने बताया कि संत रविदास ने श्रम की प्रतिष्ठा, शुद्ध आचरण और जातिगत भेदभाव के त्याग पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दत्तात्रेय होसबाले ने कहा हमारी श्रेष्ठ संत परंपरा ईश्वर की भारत को एक विशेष पहचान देती है।

## एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी पर योगी सरकार की पैनी नजर

# 1483 स्थानों पर रेड, चार वितरकों पर एफआईआर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ छह लोग गिरफ्तार, 19 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, वितरकों के पास एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक

**लखनऊ।** पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य एवं रसद विभाग और जिला प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं और आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। प्रवर्तन टीमों ने शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 1,483 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 4 एफआईआर दर्ज की गई, जबकि गैस की कालाबाजारी में शामिल अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 20 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। कार्रवाई के दौरान 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 19 व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। प्रदेश में कार्यरत 4,108 एलपीजी वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिग के अनुरूप रिफिल डिलीवरी सुनिश्चित कराई जा रही है। वितरकों के यहां एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और जरूरत के अनुसार घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा वाणिज्यिक सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत तक आवंटन की अनुमति दी गई है। इससे होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में गैस आपूर्ति प्रभावित न होने देने की व्यवस्था की गई है। आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी और किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए खाद्यायुक्त कार्यालय में 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा होम कंट्रोल रूम में भी अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रदेश के सभी जनपदों में भी कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं, जो लगातार कार्यरत हैं। जिला पूर्ति कार्यालय और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी लगातार फील्ड में भ्रमण कर रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर एलपीजी उपलब्ध हो सके।

### प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई: जयवीर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है और गैस, डीजल व पेट्रोल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सर्किट हाउस में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस मिले, इसके लिए सरकार आवश्यक व्यवस्था कर रही है। मुनाफाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश जिलाधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि देश में बाहर से पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति लगातार हो रही है और ईरान ने भी भारतीय जहाजों को होरमुज मार्ग से आने की अनुमति दी है। दो जहाज शुक्रवार को मुंबई बंदरगाह पर गैस लेकर पहुंचे हैं।

# हेल्पलाइन बनी संकट में महिलाओं का सहारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 181 नम्बर पर कॉल कर तुरंत ले रही हैं मदद और परामर्श

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को लेकर राज्य सरकार की पहल लगातार प्रभावी साबित हो रही है। इसी क्रम में संचालित 181 महिला हेल्पलाइन संकट की घड़ी में महिलाओं और बालिकाओं के लिए भरोसेमंद सहारा बनकर उभरी है।

अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2017 से शुरू की गई यह टोल फ्री सेवा प्रदेश भर में चौबीसों घंटे सक्रिय है और अब तक इसके माध्यम से 8.42 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न या अन्य किसी आपात स्थिति में फंसी महिलाएं 181 नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद और परामर्श प्राप्त कर रही हैं। इस हेल्पलाइन के माध्यम से महिलाओं को न केवल त्वरित सहायता मिल रही है, बल्कि उन्हें मानसिक संबल और आत्मविश्वास भी मिल रहा है। महिला हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक समर्पित सहायता तंत्र के रूप में कार्य कर रही है। इसके माध्यम से प्रदेश के किसी भी जिले या गांव से महिलाएं अपनी समस्या साझा कर सकती हैं।

कॉल सेंटर में तैनात प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उन्हें उचित मार्गदर्शन तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हैं। इससे कठिन परिस्थितियों में घिरी महिलाओं को समाधान की दिशा में मदद मिलती है। महिला हेल्पलाइन 181 को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह 24 घंटे सक्रिय रहकर महिलाओं को तत्काल सहायता उपलब्ध करा सके।

# अखिलेश ने गैस किल्लत पर सरकार को घेरा

मुंबई, वार्ता



■ गैस की कमी और अफवाहों के लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया

गैस संकट और अंतर्राष्ट्रीय युद्ध की स्थिति को लेकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है।

मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा युद्ध संकट के दौरान भारत के पास दुनिया को शांति का संदेश देने और विश्वगुरु बनने का बड़ा अवसर था, लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास हमेशा युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में रहा है, लेकिन केंद्र सरकार इस मुद्दे पर कोई ठोस भूमिका निभाने में नाकाम रही। सपा प्रमुख ने कहा कि अगर भारत इस संघर्ष की खुले तौर पर निंदा करता और दुनिया को शांति का संदेश देता, तो आज भारत को विश्वगुरु कहा जाता। उन्होंने कहा कि हार्मबुज से भारत की ओर कितने जहाज आ रहे हैं, इसकी वास्तविक जानकारी किसी के पास नहीं है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि युद्ध संकट के कारण देश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कमी हो गई है और आम लोगों को गैस नहीं मिल पा रही है, इसके बावजूद सरकार इस समस्या को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अक्सर दूसरों पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हैं।

# कांग्रेस ने अंबेडकर को सम्मान दिया नहीं, कांशीराम को क्या देगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दलित विरोधी सोच वाली पार्टी कांग्रेस, सतर्क रहने की जरूरत: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कांग्रेस को दलित विरोधी सोच वाली पार्टी करार देते हुए कहा कि उसने अपने लंबे शासनकाल के दौरान दलितों के मसीहा और भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार डा. भीमराव आंबेडकर को उचित सम्मान नहीं दिया।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस ने आंबेडकर को 'भारत रत्न' से सम्मानित नहीं किया, तो वह अब कांशीराम को इस उपाधि से सम्मानित करने की बात कैसे कर सकती है। सुश्री मायावती ने एक्स पर जारी बयान में कहा कि कांग्रेस ने केंद्र में सत्ता में रहते हुए कांशीराम के निधन पर एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया था। उस समय उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ समाजवादी पार्टी की सरकार ने भी राजकीय शोक की घोषणा नहीं की। उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दल दलित समाज के नाम पर बने संगठनों का इस्तेमाल कर कांशीराम के नाम को भुनाने की कोशिश करते रहे हैं। अब भी कई दल अलग-अलग हथकंडे अपनाकर कांशीराम द्वारा स्थापित बहुजन समाज पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। बसपा सुप्रीमो ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से ऐसी राजनीतिक कोशिशों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से सावधान रहना जरूरी है, जिसकी दलित-विरोधी सोच और मानसिकता के कारण ही बसपा का गठन करना पड़ा। मायावती ने अपने बयान में 15 मार्च 2026 को कांशीराम की जयंती के अवसर पर बसपा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में सफल बनाने की अपील की है। गौरतलब है कि बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती 15 मार्च को है। शुक्रवार (13 मार्च) को लखनऊ में राहुल गांधी की मौजूदगी में मंच से प्रस्ताव रखा गया कि बसपा के संस्थापक कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न दिया जाए। इस प्रस्ताव को यूपी विधानसभा चुनाव से पहले दलित वोट बैंक की सियासत से जोड़कर देखा जा रहा है।

### गैस की लाइन में खड़े बुजुर्ग की मौत

**फर्रुखाबाद।** यूपी के फर्रुखाबाद में एक गैस एजेंसी पर गैस की लाइन में खड़े एक बुजुर्ग को अचानक चक्कर आ गया और जमीन पर गिर कर तड़पने से मौत हो गई। वहां मौजूद लोगों ने आनन फानन में उन्हें सीपीआर देने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ, तो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना को लेकर उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम एवं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा है। सपा सुप्रीमो ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि गैस की लाइन में बुजुर्ग की हार्ट अटैक की घटना दुखद है। इसी के साथ उन्होंने बीजेपी पर हमला किया और लिखा कि भाजपाई सच को स्वीकार करें और सुनिश्चित करें कि किसी का घर न उजड़े। यह वीडियो बुजुर्ग के परिजनों का है, जिसमें वह बता रहे हैं कि मोहल्ला मनिहारी में रहने वाले 75 वर्षीय बुजुर्ग मुख्तार अंसारी लाल सराय में स्थित गैस एजेंसी पर गए थे। वह पर्ची कटाने के बाद एजेंसी के पीछे गोदाम के बाहर लाइन में खड़े थे, तभी यह घटना हो गई। उधर जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव ने बताया कि बुजुर्ग पहले से बीमार थे, इसी के साथ उन्होंने साफ किया कि जिले में गैस की कोई समस्या नहीं है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई गई है। बुजुर्ग के घर में गैस खत्म हो गई थी, इसकी वजह से सुबह खाना भी नहीं बना था, ऐसे में पहले से बीमार बुजुर्ग खुद उठकर गैस की लाइन में जाकर खड़े हो गए। करीब तीन घंटे तक वह लाइन में खड़े रहे। इस दौरान अचानक उन्हें चक्कर आ गया और जमीन पर गिर कर तड़पने लगे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76034.42
निफ्टी 23866.85



सोना 160830
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 279800
प्रति किलो



# विकसित भारत के निर्माण में विद्यार्थियों व युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: राधकृष्णन

नई दिल्ली, वार्ता



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्वतंत्रता शताब्दी 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश, तकनीकी उन्नति, पर्यावरण स्थिरता और नैतिक नेतृत्व की आवश्यकता होगी और इस विजन को साकार करने में छात्र और युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी।

राधाकृष्णन ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन में देश के युवाओं की भूमिका अहम है। उनका कहना था कि विकसित भारत का विजन समानता और समावेशी विकास पर आधारित होना चाहिए, जिसमें किसी राज्य तथा समाज के किसी भी वर्ग को पीछे नहीं छोड़ा जाएगा। हिमाचल को देवभूमि और वीरभूमि बताते हुए उपराष्ट्रपति ने राज्य की समृद्ध आतिथ्य सत्कार, जीवंत संस्कृति और चिरस्थाई परंपराओं की भी प्रशंसा की और कहा कि राज्य ने देश की सशस्त्र सेनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत की समृद्ध शैक्षणिक विरासत का जिक्र करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय और तक्षशिला जैसे महान प्राचीन शिक्षा केंद्र अपने शिक्षकों के ज्ञान, विद्वता और निरंतर बौद्धिक विकास के कारण फले-फूले थे। उनका कहना था कि तब इन संस्थानों के गुरु और आचार्य जीवन भर सीखते रहते थे और उन्होंने वाद-विवाद, संवाद और शोध के माध्यम से अपने ज्ञान को निखारा और ऐसा वातावरण बनाया जहां विचारों का विकास हुआ और सभ्यताएं आगे बढ़ीं। उनका कहना था कि इसी भावना को आधुनिक विश्वविद्यालयों तथा संकाय विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए और शिक्षण में नवाचार, अंतविषयक अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उत्साहपूर्वक लागू कर रहा है और भारतीय ज्ञान परंपराओं से संबंधित विषयों को शामिल कर रहा है, जिससे एक नए दृष्टिकोण के साथ शिक्षा की एक नई संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है।

# पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण सोना-चांदी में गिरावट बरकरार

**नई दिल्ली।** देश में सोने की कीमत में गिरावट का रुख बरकरार है। शनिवार की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत गिरकर 160830 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। मुंबई में कीमत 160680 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,000 रुपये या 1.21 प्रतिशत गिरकर 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसका कारण डॉलर का मजबूत होना और वैश्विक मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता है। चांदी भी लगातार सस्ती हो रही है। शनिवार की सुबह कीमत 279800 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 11,000 रुपये या 3.97 प्रतिशत गिरकर 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चांदी का हाजिर भाव 83.14 डॉलर प्रति औंस है। इस साल जनवरी महीने में चांदी की कीमत 4 लाख रुपये के आंकड़े को क्रक्स कर गई थी। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे महंगाई बढ़ने का डर पैदा हो गया है।

# अकासा का सफर भी होगा महंगा, 1,300 रुपये तक शुल्क लगाने की घोषणा

नई दिल्ली, वार्ता

एयर इंडिया समूह और इंडिगो के बाद नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा ने भी विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों को देखते हुए टिकटों पर ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक ईंधन शुल्क लगाएगी। शुल्क की राशि हर मार्ग के लिए अलग-अलग होगी और यह उड़ान की अवधि के आधार पर तय की जाएगी। उसने बताया कि 15 मार्च की तारीख में या उसके बाद बुक कराई गई टिकटों पर यह नया शुल्क लगेगा। उससे पहले कराई गई बुकिंग इससे प्रभावित नहीं होगी।

कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एशिया में जारी संकट के कारण 'विमान ईंधन की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी' को देखते हुए ईंधन शुल्क लगाया जा रहा है। इससे पहले एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घरेलू मार्गों पर 399 रुपये ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की थी। अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर पहले से लगाए जा रहे ईंधन शुल्क में 50 डॉलर तक की बढ़ोतरी की गई है। प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने भी घरेलू मार्गों पर 425 रुपये ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 2,300 रुपये तक ईंधन शुल्क लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर किए गए हमले और उसके जवाब में ईरान द्वारा विभिन्न पश्चिमी एशियाई देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और अन्य इलाकों पर किए गए हमले के कारण पश्चिमी एशिया में स्थिति काफी खराब हो गई है। इस कारण एक तरफ कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, जिससे विमान ईंधन की कीमत बढ़ी है। दूसरी तरफ पश्चिम एशिया के कई देशों ने अपने हवाई क्षेत्र को वाणिज्यिक उड़ानों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है, जिससे यूरोप और अमेरिका जाने वाली उड़ानों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**92700 मीट्रिक टन....**

जहाज पश्चिमी तट पर स्थित प्रमुख बंदरगाहों- मुंद्रा पोर्ट और कांडला पोर्ट पर एंकर करेंगे। शेड्यूलिंग के अनुसार ये शिपमेंट 16 और 17 मार्च को भारत पहुंच जाएंगे। इतनी बड़ी मात्रा में गैस की आवक से घरेलू बाजार में ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी और औद्योगिक व घरेलू मांग को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है, हालांकि, अभी तक किसी भी प्रकार की स्टॉक की कमी की सूचना नहीं मिली है।

शर्मा ने बताया कि घबराहट में बुकिंग के मामले अब भी बहुत अधिक हैं। उन्होंने कहा कि जो आंकड़ा मैंने शुक्रवार को आपके साथ साझा किया था (लगभग 75 से 76 लाख बुकिंग) वह अब बढ़कर लगभग 88 लाख हो गया है। शर्मा ने कहा कि हमें विभिन्न स्थानों और स्रोतों से शिकायतें मिल रही हैं कि गैस सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहे हैं। मैं इस अवसर पर एक बार फिर स्पष्ट करना चाहूंगी कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच कम से कम 25 दिनों का अनिवार्य अंतराल है और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंतराल 45 दिनों का है। यदि आप इस अवधि के समाप्त होने से पहले सिलेंडर बुक करने का प्रयास करते हैं, तो बुकिंग सफल नहीं होगी। कृपया वर्तमान में उपलब्ध डिजिटल बुकिंग साधनों का उपयोग करें। इनमें आईवीआरएस, एसएमएस बुकिंग, व्हाट्सएप बुकिंग और तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की ओर से प्रदान किए गए मोबाइल एप्लीकेशन शामिल हैं। सिलेंडर बुक करने या प्राप्त करने के लिए वितरक केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाने, कतार में खड़े होने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी तेल विपणन कंपनियों ने अतीत में लगातार आपके घर तक सीधे सिलेंडर पहुंचाए हैं और वे ऐसा करना जारी रखेंगी। इसलिए, घबराने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने लोगों से अपील की है कि घबराकर बुकिंग न करें, तभी बुकिंग करें जब यह अत्यंत आवश्यक हो। व्यावसायिक सिलेंडरों को लेकर काफी चर्चा हुई, जिसके बाद व्यावसायिक सिलेंडरों के लिए भी एलपीजी की एक निश्चित मात्रा आवंटित करने का निर्णय लिया गया। इस बारे राज्य सरकारों से भी बातचीत की गई। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए ये व्यावसायिक सिलेंडर राज्य सरकारों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस संबंध में, लगभग 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यावसायिक सिलेंडरों का वितरण शुरू हो चुका है और वे उपभोक्ताओं तक पहुंच चुके हैं। आनलाइन बुकिंग वर्तमान में लगभग 84 फीसदी है, हालांकि इस आंकड़े को लगभग 100 फीसदी तक सुधारने की जरूरत है।

# सोनम मामले में मोदी सरकार एक बार फिर बेनकाब: आप

नई दिल्ली, वार्ता



■ जेल में बिताए गए सोनम वांगचुक के कई महीने देश के लिए बड़ी क्षति

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत के मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना ठोस सबूत के सोनम वांगचुक को जेल में रखा और जब मामला अदालत में कमजोर पड़ने लगा, तो उनकी हिरासत रद्द कर दी गई। आप नेताओं का कहना है कि यह कदम सरकार की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े करता है और इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया जा रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार एक बार फिर बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि एक जलवायु कार्यकर्ता के रूप में सोनम वांगचुक ने अपना जीवन देश और समाज के लिए समर्पित किया है, लेकिन उन्हें बिना पुख्ता सबूत के गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल ने कहा कि जेल में बिताए गए उनके कई महीने न सिर्फ उनके व्यक्तिगत जीवन के लिए नुकसानदेह रहे, बल्कि देश के लिए भी क्षति है। लोकतंत्र में इस तरह की कार्रवाई बेहद चिंताजनक है और इसका सच जनता के सामने आना चाहिए। आप नेताओं का कहना है कि अदालत में लगातार उठ रहे सवालों और मामले के कमजोर पड़ने के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दी गई हिरासत को रद्द करने का फैसला लिया। पार्टी का आरोप है कि यदि शुरुआत से ही ठोस सबूत होते, तो इस तरह अचानक हिरासत खत्म करने की नौबत नहीं आती। आप पार्टी के नेताओं ने कहा कि यह फैसला खुद इस बात का संकेत है कि कार्रवाई में कई गंभीर खामियां थीं।

# केजरीवाल व सिसोदिया ने कोर्ट में भरे स्योरिटी बॉन्ड

नई दिल्ली, वार्ता

■ केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को बरी कर दिया था

दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रक्रिया के तहत पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में अपने-अपने स्योरिटी बॉन्ड दाखिल किए।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने दोनों नेताओं द्वारा प्रस्तुत 50-50 हज़ार रुपये के स्योरिटी बॉन्ड स्वीकार कर लिए, यह बॉन्ड 27 फरवरी को आए उस ऐतिहासिक फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया था। आपराधिक मामलों में डिस्चार्ज या बरी होने के बावजूद आरोपी को स्योरिटी बॉन्ड भरना अनिवार्य होता है। यह प्रक्रिया भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (पहले सीआरपीसी की धारा 437।) के तहत की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि जांच एजेंसी निचली अदालत के फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत (हाई कोर्ट) में अपील करती है, तो आरोपी नोटिस मिलने पर वहां उपस्थित हों। 27फरवरी को राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपने फैसले में सीबीआई की जांच पर कड़ी टिप्पणी की थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं, जिससे उन पर आरोप तय किए जा सकें। विशेष न्यायाधीश ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर किसी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

























# पुलिस भर्ती परीक्षा से 2631 ने किया किनारा

## पहले दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई परीक्षा, जिले के दस परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा का पहला दिन शनिवार को जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पहले दिन 2631 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से दूरी बना ली तथ 6483 ने परीक्षा दी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित हुई।

पहली पाली में पंजीकृत 4560 अभ्यर्थियों में से 3220 उपस्थित तथा 1340 अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में पंजीकृत कुल 4560 में से 3255 उपस्थित जबकि 1305 अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर पहले दिन पंजीकृत 9120 अभ्यर्थियों में से 2631 ने परीक्षा से किनारा कर लिया जबकि 6483 ने परीक्षा दी। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सभी केन्द्रों पर कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त





पुलिस बल की तैनाती के साथ सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगातार निगरानी करते रहे। अभ्यर्थियों को सघन जांच के बाद ही परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश दिया गया। जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा केन्द्रों पर बिजली, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। जनपद में यह परीक्षा ए0के0के0 इंटर कॉलेज, भगवत सरन इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू महाविद्यालय ब्लॉक-ए, जेएस हिंदू महाविद्यालय ब्लॉक-बी, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज और सिख इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। प्रशासन के अनुसार पहले दिन सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुई। साथ ही यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे, जिससे अभ्यर्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सवाल चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन अच्छा हुआ पेपर

## अभ्यर्थियों का मिला-जुला रिएक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों ने पेपर को अच्छा और संतुलित बताया। अभ्यर्थियों का मानना है कि तैयारी के अनुसार पेपर का स्तर संतोषजनक रहा। अधिकतर परीक्षार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए पेपर अच्छा होने की बात कही।

शनिवार को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती के लिए 10 परीक्षा केंद्रों पर एकेके इंटर कॉलेज,भागवत सरन इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, राजकीय इंटर कॉलेज , आई एम इंटर कॉलेज, जेएस महाविद्यालय, जेएस इंटर हिंदू कॉलेज, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज, सिख इंटर कॉलेज में अठारह हजार 240 अभ्यर्थियों को सम्मिलित होना था। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई। पहली पाली 10 बजे से 12 बजे तक जबकि दूसरी पाली 3 बजे से पांच बजे तक चली। परीक्षा शांतिपूर्वक होने प्रशासन ने राहत की सांस ली। पहली पाली के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों ने मिला जुला रिएक्शन दिया। बदायूं से परीक्षा देने आए अभ्यर्थी अमित व मोइन ने बताया पेपर आसान था और अच्छा हुआ जबकि मुरादाबाद से आई इरम ने बताया पेपर सामान्य था। तो वही नानक वाडी की काजल ने भी पेपर को आसान बताया। अधिकतर परीक्षार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए पेपर अच्छा होने की बात कही।

# रेलवे स्टेशन पर उमड़ा अभ्यर्थियों का सैलाब

## ट्रेन में चढ़ने को प्लेटफार्म पर दौड़ते दिखे अभ्यर्थी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी नगर पहुंचे। शनिवार को परीक्षा के पहले दिन सुबह से ही रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली। ट्रेनों में भी सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ रही, जिससे कई डिब्बों में खड़े होकर सफर करना पड़ा।

सुबह के समय जैसे ही ट्रेनें स्टेशन पर पहुंचीं, बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उतरते दिखाई दिए। स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और बाहर सड़कों पर भी अभ्यर्थियों की आवाजाही बनी रही। कई अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने के लिए ई-रिक्शा और अन्य वाहनों का सहारा लेते नजर आए। परीक्षा के चलते शहर में भी चहल-पहल बढ़ गई। रेलवे स्टेशन के आसपास चाय, नाश्ता



और खाने-पीने की दुकानों पर भी अभ्यर्थियों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। वहीं प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा और यातायात की व्यवस्था भी की गई थी।

# लोक अदालत में एक लाख वादों का निस्तारण

## 53 पारिवारिक मामलों में 40 लाख 66 हजार प्रतिकर दिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय लोक अदालत ने एक लाख 7 हजार 758 वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी के पांच हजार 731 वादों का निस्तारण कर तीन लाख 71 हजार 270 रूपये जुर्माने के रूप में वसूले गये।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसका उद्‌घाट जनपद न्यायाधीश विवेक ने फीता काटकर किया। लोक अदालत में एक लाख 4 हजार 758 विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण हुआ। जिसमें अमरो. हा जिला न्यायालय में 6 हजार 620 वादों का निस्तारण हुआ। फौजदारी के 5 हजार 771 वादों का निस्तारण कर तीन लाख 71 हजार 270 रूपये जुर्माना वसूला गया। विद्युत विभाग के 700 वाद निपटाये गये। 53 पारिवारिक मामलों का



निस्तारण कर 40 लाख 66 हजार प्रतिकर के रूप में दिलाये गये। सिविल के 34 वादों का भी निस्तारण हुआ। राजस्व विभाग के 2 हजार 94 वादों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर लोकेश राय, शाकिर हुसैन, श्रीमति शैलजा राठी, श्रीमति हेमलता, अरविंद शुक्ला, ईश्वर सिंह, नसीमा खानम, संजय, ज्योति चौधरी, नाजमी बानो न्यायायिक अधिकारी मौजूद रहे।

# लूट के दोषी को सवा पांच साल की सजा

## 16 साल पुराने मामले में आया कोर्ट का फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवक से 80 हजार रूपये की लूट के मामले में कोर्ट ने दोषी को पांच साल 3 माह 12 दिन की सजा सुनाई। जबकि एक हजार रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया।

लगभग 16 साल पुराना यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा था। कोतवाली क्षेत्र के गांव सैतली निवासी किसान गुफरान के साथ 14 अप्रैल 2015 को लूट की वारदात हुई थी। बदमाशों ने हथियारों के बल पर उनसे 80 हजार रुपये लूट लिए थे। पीड़ित की तहरीर पर डिडौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। सुराग मिलने पर पुलिस ने मेरठ जिले के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र की मास्टर कॉलोनी के रहने वाले अर्जुन को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटी गई नकदी भी बरामद की थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अर्जुन को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था हालांकि बाद में वह जमानत पर छूट गया था। मुकदमे की सुनवाई अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को मामले में अंतिम सुनवाई करते हुए पत्रावली के अवलो. कन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी अर्जुन को दोषी करार दिया। उसे 5 साल 3 महीने 12 दिन जेल की सजा सुनाई तथा एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# घर में घुसकर महिला से सामुहिक दुष्कर्म

## कोर्ट के आदेश पर दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव में दवाई लेने के बहाने घर में घुसे दो युवकों पर महिला से तमंचे के बल पर सामूहिक दुष्कर्म करने का गंभीर आरा. ेप लगा है। पुलिस ने न्यायालय के आद. ेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी एक महिला ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पति गांव में मेडिकल स्टोर चलाते हैं। आरोप है कि 31 दिसंबर 2025 की रात करीब 10:30 बजे दो युवक उनके दरवाजे पर पहुंचे और दवाई लेने की मजबूरी बताकर दरवाजा खोलने को कहा। महिला के पति द्वारा नाम पूछने पर युवकों ने अपने नाम दीपांशु त्यागी और दीक्षित त्यागी बताए। पीड़िता का आरोप है कि गांव के परिचित समझकर जैसे ही दरवाजा खोला गया, दोनों युवकों ने दरवाजा बंद कर लिया और अपनी कमर से तमंचा निकाल लिया। आरोप है कि एक आरोपी ने उसके पति पर तमंचा तान दिया, जबकि दूसरे ने महिला को धमकाया। इसके बाद आरोपियों ने उसके पति के हाथ-पैर बांधकर मुंह पर कपड़ा बांध दिया। महिला का आरोप है कि इसके बाद दोनों आरो. पियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि घटना के दौरान आरोपियों ने शोर मचाने पर उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार घटना के बाद उसने शोर मचाया तो रास्ते से गुजर रहे कुछ लोग मौके पर पहुंच गए। उन्हें पूरी घटना बताई गई। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी दोनों आरोपी उसे परेशान करते थे, जिसके कारण उसे अपना किराये का मकान बदलना पड़ा था। महिला का कहना है कि घटना के बाद उसने चौकी और थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र भेजा। जब वहां से भी कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय में गुहार लगानी पड़ी। न्यायालय के आदेश पर मंडी धनौरा थाना पुलिस ने गांव निवासी दीपांशु त्यागी और दीक्षित त्यागी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गैस ऑफिस व गोदामों पर सुबह से ही लगी लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर की तीनों गैस एजेंसियों पर रोज की तरह शनिवार को भी भीड़ लगी रही। लोग आफिस खुलने से पहले ही वाउचर लेने के लिए लाइनों में लग गए तो वहीं गोदामों पर भी सुबह से ही लोगों की लंबी लाइन लगी रही। सभी गैस एजेंसियों पर पुलिस की मौजूदगी में गैस के सिलेंडर वितरित किए गए।

**पुलिस की मौजूदगी में हुआ गैस का वितरण**

बता दें कि नगर में तीन गैस एजेंसियां सक्रिय हैं। यहां पर प्रतिदिन गैस बंट रही है मगर उसके बाद भी उपभोक्ताओं की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। बताते हैं कि एक ट्रक में साढ़े तीन सौ से अधिक सिलेंडर आते हैं और तीन ट्रक गैस प्रतिदिन बंट रही है। शनिवार को छह बजे से पहले ही उपभोक्ता गैस एजेंसियों के ऑफिस पर वाउचर लेने के लिए पहुंच गए थे, जबकि नौ बजे के बाद ही



ऑफिस खुले। इसी तरह गैस एजेंसियों के गोदामों पर भी उपभोक्ता सिलेंडर लेकर सुबह से ही लाइन लगाने लगे थे। सभी गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ देखने को मिली। हंगामे जैसी स्थिति भी बनी रही। जिन लोगों की गैस कम से कम दो या तीन दिन पूर्व बुकिंग थी, उन्हें गैस वितरित की गई। सुरक्षा के द्रष्टिगत सभी पुलिस की मौजूदगी में गैस का वितरण किया गया।

# पत्नी की हत्या के आरोपी पति को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में प्रेम विवाह के बाद एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के पिता ने पति समेत दो लोगों पर दहेज के लिए बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी बलवंत खड़गवंशी ने गुरुवार को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री राखी (23 वर्ष) ने करीब 15 माह पहले क्षेत्र के ही गांव अल्लीपुर मिलक निवासी सत्येंद्र के साथ प्रेम विवाह किया था। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और उसके परिजन 5 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर राखी को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। शिकायत के अनुसार, 10 मार्च की सुबह पति ने साजिश रचकर राखी की बेरहमी से हत्या कर दी। सूचना मिलने पर जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि राखी का शव चारपाई के नीचे पड़ा था और उसके शरीर पर चोट के निशान थे। उसके गले में कपड़े का फंदा भी लगा हुआ था। पिता का दावा है कि राखी को पहले पीटा गया और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति-सत्येंद्र और उसकी पहली पत्नी बबीता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस तभी से ही आरोपी की तलाश कर रही थी।

# दो अवैध क्लीकि सील



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित दो निजी अस्पतालों को सील किया। शनिवार को डीएम के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी डा. आरिफ ने थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा अपरौला में जनता क्लीनिक व युनिक चाइल्ड केयर हॉस्पिटल पर छापा मारकर डिग्री दिखाने को कहा। परन्तु यहां मौजूद झोलाछाप किसी तरह का कोई अभिलेख नहीं दिखा सका। जिस पर डा. आरिफ ने अवैध रूप से संचालित दोनों निजी अस्पतालों को सील कर दिया जबकि तीन दिन में अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

# सचिव से अभद्रता में पिता व दो पुत्रों पर मुकदमा दर्ज

## आवास का सत्यापन कराने गए थे, तब हुई घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी के आवास की जियोटैगिंग कराने गए ग्राम पंचायत सचिव के साथ अभद्रता करने, घेराव करके धक्का मुक्की और सरकारी अभिलेखों को फाड़ने के आरोप में पुलिस ने पिता व दो पुत्रों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार राजपाल सिंह ग्राम पंचायत के सचिव हैं और थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर के निवासी हैं। 11 मार्च को वे ब्लॉक क्षेत्र के गांव बसैली में मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी भूरे खां के आवास की जियोटैगिंग कराने गए थे। आरोप है कि भूरे खां के भाई कलुआ ने अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर सचिव द्वारा किए जा रहे कार्य में अवरोध पैदा किया और अभद्र शब्दों से अपमानित किया। इतना ही नहीं सचिव का घेराव करके उनके साथ धक्कामुक्की की, साथ ही सचिव के जो सहयोगी घटना की वीडियो बना रहे थे, उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फोटो व वीडियो डिलीट करके फोन फेंक दिया। आरोप है कि हमलावर पक्ष ने सचिव के सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए। घटना के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए राजपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने आरोपियों विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाजपा के केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा का स्वागत






**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**जोया/गजरौला।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का शिक्षक विधायक डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने जनता के हित में कई काम किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें जनता के हित में काम कर रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इतनी भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व पर भरोसा किया है। इस मौके पर गजरौला चेयरमैन पति हरपाल सिंह, धनोरा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, हसनपुर चेयरमैन राजपाल सिंह, अभिनव कौशिक, चौधरी भूप सिंह, कमल सिंह, प्रमोद अग्रवाल, गुरिंदर सिंह, सत्तार अहमद, पावनीत दिवाकर, भगवत चौहान आदि मौजूद रहे। उधर **गजरौला** में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नडडा व उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने हाइवे स्थित मौहम्मदाबाद में फूल मालाओं से स्वागत किया। शनिवार को दिल्ली से मुरादाबाद जाते समय हाइवे स्थित मौहम्मदाबाद गांव में केन्द्रीय मंत्री जेपी नडडा का काफिला पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए पुष्पवर्षा से उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे। इस मौके पर हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी, ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, ममता गुर्जर, मयंक अग्रवाल, देवेन्द्र खड्गवंशी, निखिल खड्गवंशी, राजीव गोयल, राजू राणा, गौरव चौधरी, अंकुर अग्रवाल, आयुष चौधरी आदि मौजूद रहे। वहीं नगर की जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड में यूनिट हेड विनोद झा, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित एवं सीएमओ डा. योगेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर केन्द्रीय मंत्री जेपी नडडा का स्वागत किया। वहीं केन्द्रीय मंत्री के आगमन को लेकर पुलिस अलर्ट रही।

# विवाहिता के उत्पीड़न में पति समेत पांच पर रिपोर्ट

## तीन साल पहले हुई थी शादी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**जोया।** डिडौली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट व उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, जेठ समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

डिडौली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के मुताबिक उसकी शादी को लगभग तीन साल पहले हुई थी। उसकी दो साल की एक बेटी है। आरोप है कि शादी के बाद से ही जेठ उस पर बुरी नजर रखता है और कई बार जबरदस्ती करने की कोशिश कर चुका है। जब उसने इस बारे में अपने पति को बताया तो उन्होंने विरोध करने के बजाय उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि 11 मार्च को उसकी सास, ननद और जेठानी ने भी उसके साथ मारपीट की। इसके बाद जब उसने अपने पति को घटना के बारे में बताया तो पति ने भी उसे पीटकर खामोश कर दिया।आरोप है कि 12 मार्च को पति उसे मायके छोड़ने के बहाने से ले गया और सैतपुर के पास रास्ते में ही छोड़कर वापस लौट गया। साथ ही बेटी को भी साथ नहीं जाने दिया। परेशान पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में पति-जेठ समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मनु बनीं ग्राम सत्ता पंचायती राज संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन उत्तर प्रदेश ने फौलादपुर की ग्राम प्रधान मनु यादव को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल करते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किए जाने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि मनु यादव अपने अनुभव और सक्रियता से पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगी। ग्राम प्रधान मनु यादव ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है कि उन्हें ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन, उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने इस विश्वास और सम्मान के लिए संगठन के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी सहित समस्त संगठन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि पंचायत प्रतिनिधियों की आवाज को मजबूत करने, ग्राम समाज की सेवा करने और ग्रामीण विकास के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा है।

# 100वीं जयंती पर राधाकृष्ण की दी श्रद्धांजलि

## शिक्षा व उद्योग के क्षेत्र में दिया महत्वपूर्ण योगदान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** स्व. राधाकृष्ण टंडन की 100वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न शिक्षण संस्थानों और औद्योगिक परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्व. राधाकृष्ण टंडन ने अपने जीवनकाल में धर्म, अध्यात्म, राजनीति, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका समाज के प्रति समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। उनके पुत्र अजय टंडन ने कहा कि बाबूजी की सोच अपने समय से काफी आगे थी। औद्योगिक परिवार से जुड़े होने के बावजूद उन्होंने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दी और परिवार के साथ-साथ समाज को भी शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जी.आर. सॉल्वेंट्स एंड एलाइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड कैलसा, राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल अमरोहा, घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर कैलसा और हैप्पी हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल कैलसा में आयोजित कार्यक्रमों में स्व. टंडन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अजय टंडन, अंजलि टंडन, अदिति टंडन, साकेत कौरा, अपर्णा टंडन, अव्यान मेहरोत्रा, डॉ. शिक्षा सरदाना, राजेंद्र वर्मा, जूही राज, मधुसूदन रस्तोगी, अजीत सिंह, अजय सिंह चौहान, पंकज मित्तल, अशोक सचदेवा, इंदरपाल सिंह, बन्टी कुमार, आदेश शर्मा, संजय शर्मा, कृपाल सिंह, कृतपाल सिंह, शोभित सारस्वत, अतुल टंडन मौजूद रहे।

## लकड़ी के दाम नहीं बढ़ायेंगे



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शनिवार को सैफी रोड स्थित भूरे जस्पुरिया टिंबर के मालिक और यूपी टिंबर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सरफराज हुसैन ने बताया कि गैस की कमी के चलते कई ढाबे और ठेला संचालक अब जलावन की लकड़ी के सहारे अपना काम चला रहे हैं। ऐसे समय में लकड़ी के दाम बढ़ाना ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का प्रयास रहेगा कि छोटे व्यापारियों को जलावन की लकड़ी महंगी न मिले।

## फुले दम्पति को भारत रत्न देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** सैनी नगर स्थित लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी कार्यालय पर शनिवार को संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओबीसी, एससी-एसटी और अल्पसंख्यक समाज के हितों की अनदेखी तथा ओबीसी महापुरुषों की उपेक्षा जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष राज्यपाल सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का नारा देती है, लेकिन जमीनी स्तर पर पिछड़े वर्ग, एससी-एसटी और माइनॉरिटी समाज के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले के नाम पर जनपद का नामकरण किए जाने तथा उन्हें भारत रत्न देने के विषय में सरकार चुप्पी साधे हुए है। इस दौरान कृपाल सैनी, धर्म सिंह सैनी, नाथू सैनी, हरवेश सैनी, विजय प्रजापति, पियूष सैनी, रमेश सैनी, नंदराम सैनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

# कुरआन हमें नेक राह पर चलने की सीख देता

## अशराफुल मस्जिद में यौमे नुजूल-ए-कुरआन कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** अशराफुल मसाजिद में गुरुवार रात यौमे नुजूल-ए-कुरान शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिया यूनिटी ट्रस्ट के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में उलेमाओं ने कुरान-ए-करीम की फजीलत और अजमत पर तफ्सीली रौशनी डाली। कहा कि कुरान सिर्फ पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि उसके बताए रास्तों पर चलने के लिए है। यह किताब हमें भाईचारे, अमन और नेक राह पर चलने की सीख देती है। वक्ताओं ने जोर दिया कि आज के दौर में कुरान की तालीम को आम करना बेहद जरूरी है। वहीं, यौमे नुजूल-ए-कुरान शीर्षक से 23 रमजान की रात्रि में होने वाले इस कार्यक्रम में इस बार भी बच्चों द्वारा पेश की गई किरात ने सभी लोगों को प्रभावित किया। बच्चों ने अपनी सुरीली और मखमली आवाज में जब कुरान की आयतों की तिलावत की, तो पूरे परिसर का माहौल नूरानी हो गया। उपस्थित लोगों ने बच्चों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में उन बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने हाल ही में कुरान-ए-करीम मुकम्मल किया है। डॉ. अहसन अख्तर और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें कुरान-ए-पाक के तोहफे से नवाजा। अध्यक्षता कर रहे शिया नायब इमाम डॉ.अहसन अख्तर ने कहा कि कुरान को मुकम्मल करना एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसे ताउम्र अपने सीने से लगाए रखना और इसकी तालीमात पर अमल करना ही असल कामयाबी है। इस दौरान मौलाना गुलाम हैदर, मौलाना हैदर मेहदी, मौलाना शहजाद मौलाई, लियाकत अमरोहवी, वसीम हसन, हकीम सुहैल मुर्तजा, फहीम हैदर नकवी, अधिवक्ता सैय्यद मुज्तबा, रामिश वली, सलीम अख्तर, डॉ. आतिफ खान, सिब्ते हैदर तकवी व अन्य लोग मौजूद थे।

# किसान हितों की रक्षा करने पर दिया बल

## भाकिसं के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** क्षेत्र के ग्राम उधनपुर में शनिवार को भारतीय किसान संघ का 47वाँ स्थापना दिवस अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के दूरदर्शी संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा और प्रांतीय गन्ना प्रमुख महीपाल सिंह ने दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन और उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि ठेंगड़ी ने किसानों को केवल एक वर्ग नहीं, बल्कि राष्ट्र की शक्ति के रूप में देखा। उनका मूल उद्देश्य किसानों को संगठित कर उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान खोजना और उनकी आवाज को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुँचाना था। ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह चौहान ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए आह्वान किया कि प्रत्येक गाँव में नए सदस्यों को जोड़कर किसान संघ को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। पदाधिकारियों ने एकजुट होकर किसान हितों की रक्षा करने और समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से चन्द्र प्रकाश शर्मा जिला अध्यक्ष, महीपाल सिंह,धर्मपाल सिंह चौहान,लाखन सिंह,ओमवीर सिंह चौहान, गंगाराम सिंह,धर्मपाल सिंह, शिवम कुमार, विजेंद्र सिंह, डाले सिंह, बबलू सिंह और रतन सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण और किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने संगठन के सिद्धांतों पर चलने की शपथ ली।



## साईकिल यात्रा का बसपाईयों ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन नायक कांशीराम की 92वीं जयंती के मौके पर गुड्डू अंबेडकर के नेतृत्व में जा रही साइकिल यात्रा का बसपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। राज एक्सप्रेशन मुंबई रवि गौतम आगरा, एवं अखिल लखनऊ ने दिनांक 13 मार्च को बिसौली बदायूं से साइकिल यात्रा राष्ट्रीय दलित प्रेरणा केंद्र गौतमबुद्ध नगर नोएडा के लिए शुरू की है। इस क्रम में टीम का रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। नगर के ब्लॉक तिराहा हसनपुर में अजब सिंह एडवोकेट जॉन प्रभारी मुरादाबाद मंडल के नेतृत्व में सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। अजब सिंह एडवोकेट ने टीम के कार्य को सराहा और हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर अमित हाली, सुरेंद्र कुमार गौतम एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष, चंद्रभान सिंह राही, दुर्योधन, नवाब सैफी, रितिक, पुष्कर, गुरमीत, अमित कुमार आदि ने स्वागत किया।

# भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में मजबूत



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** नगर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।

शनिवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी एवं मंडल अध्यक्ष राजू राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रशिक्षण देना रहा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, रेलवे का पूर्ण विद्युतीकरण और सशक्त कूटनीति के दम पर आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में मजबूत स्थिति में है। उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता और विदेशी निवेश में हुई वृद्धि को मील का पत्थर बताया। विधायक ने वर्तमान में चल रही भ्रांतियों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया कि देश में रसोई गैस और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमारा एकमात्र लक्ष्य साल 2047 तक शविकसित भारतश का निर्माण करना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, देवेंद्र खड्गवंशी, संजय शर्मा, हेमराज सैनी, यशपाल प्रधान, देवकी नंदन, विजय पारक्षा, अतुल गर्ग, ममता शर्मा, सोनिया प्रजापति, कविता सैनी, दीपमाला वर्मा और कपिल देव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ओवरटेक के विवाद में युवक को पीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**सैदगली।** ओवरटेक को लेकर युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। संभल के दीपा सराय निवासी शाह फहद इमरान ने बताया कि शुक्रवार को सैदनगली पुलिया के पास कार सवार लोगों ने उनकी गाड़ी रोककर गाली-गलौज करते हुए लाठियों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने हमलावरों में शाहिर पुत्र केसर निवासी गोल मस्जिद, दीपा सराय को पहचान लिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते हमला किया गया, जिसमें इमरान घायल हो गए और उनकी कार का शीशा भी टूट गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामजद समेत अन्य के खिलाफ मारपीट, धमकी व नुकसान पहुंचाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जागरुकता शिविर

## पंजीकरण न कराने पर खाद व पीएम किसान की किस्त में आ सकती दिक्कत



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मलेशिया स्थित शर्मा साइबर कैफे में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के फायदे बताए गए और जल्द से जल्द पंजीकरण कराने की अपील की गई।

शिविर में कानूगो नरेंद्र कुमार ने किसानों को बताया कि आने वाले समय में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री जरूरी होगी। उन्होंने कहा कि अगर किसान समय पर रजिस्ट्री नहीं कराते हैं तो भविष्य में खाद मिलने में दिक्कत आ सकती है और पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त भी रुक सकती है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री होने पर हर किसान को एक डिजिटल आईडी मिलेगी, जिसमें उसकी जमीन और खेती से जुड़ी पूरी जानकारी दर्ज रहेगी। इससे एक क्लिक पर किसान का पूरा रिकॉर्ड देखा जा सकेगा। आधार से लिंक होने के कारण किसानों को खसरा-खतौनी के लिए बार-बार तहसील के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे और बैंक से फसल ऋण लेना भी आसान हो जाएगा। कानूगो ने बताया कि यह व्यवस्था सरकारी योजनाओं में होने वाले फर्जीवाड़े को भी रोकेगी और योजनाओं का लाभ सीधे असली किसानों तक पहुंचेगा। साथ ही फसल बीमा और अन्य सब्सिडी योजनाओं का फायदा लेना भी आसान हो जाएगा। शिविर में किसानों को पंजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेजों की जानकारी दी गई और मौके पर ही पंजीकरण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान देवीशरण शर्मा, महेश यादव, कलवा खा, होरम सिंह, इकबाल अली, तारा यादव सहित कई किसान मौजूद रहे।

## विद्यालय प्रबंध समिति का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र चंदनपुर खादर में शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व समिति अध्यक्षों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विकास और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में एसएमसी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक और अभिभावक मिलकर काम करें तो शिक्षा के लक्ष्य आसानी से हासिल किए जा सकते हैं। इस मौके पर रामवीर सिंह, महताबउद्दीन, प्रमोद कुमार, संदीप कुमार, जयवीर सिंह, प्रणवीर सिंह, दिनेश भड़ाना, सुभाष चंद्र, लव माहेश्वरी, अजयपाल सिंह समेत कई शिक्षक व समिति सदस्य मौजूद रहे।

## खौलते पानी से झुलसे भाजपा नेता

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजयवीर सिंह शनिवार को सुबह नहाने के लिए बाथरूम में गए थे। वहां पोते के लिए रखा गरम पानी धोके से उनकी टांगों पर गिर गया, जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने तुरंत ही उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। विजयवीर सिंह कस्बे के मोहल्ला खेड़ा के रहने वाले हैं। उनकी हालत अभी स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। परिजनों ने बताया कि विजयवीर सिंह की टांगों पर गहरा जला है, लेकिन उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। विजयवीर सिंह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं और उन्होंने पार्टी के लिए कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।

## ग्रामीण के साथ मारपीट करके किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति के साथ तीन भाईयों समेत चार लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदाबाद निवासी मुकर्रम 13 मार्च को शाम करीब छह बजे गांव में ही था। आरोप है कि गांव निवासी जाबिर, जमशेद व जाकिर पुत्रगण रफीक व एक अन्य व्यक्ति मेहंदी ने गाली गलौच की। जब मुकर्रम ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# परीक्षा के दौरान डीएम व एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

## पहली पाली में 1414 और दूसरी पाली में 1380 रहे अनुपस्थित, कड़ी सुरक्षा में हुई उप-निरीक्षक की परीक्षा






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जिले में 14 परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में उप-निरीक्षक की लिखित परीक्षा हुई। सुरक्षा के लिए केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। केंद्रों के बाहर कड़ी सुरक्षा और केवाईसी के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र पर प्रवेश दिया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण व नकल. विहीन कराने के लिए अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी और सुरक्षाकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय और पुलिसलाइन में बनाए गए कंट्रोल रूम से निगरानी की गई। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्टेकृट के अलावा वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और दो-दो परीक्षा सहायक मौजूद रहे।

परीक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। परीक्षा के दौरान डीएम अस्मिता लाल और एसपी सूरज कुमार रॉय ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी और केंद्र पर तैनात अधिका. रियों और सुरक्षा कर्मियों ने जानक. ारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। जिले में बनाए गए 14 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पाली में 10080 अखयर्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत थे। जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को हुई दारोगा की लिखित परीक्षा में दोनों पाली में 2794 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में पंजीकृत 5040 में 3626 उपस्थित रहे, जबकि 1414 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 5040 अभ्यर्थियों में से 3660 ने परीक्षा दी, जबकि 1380 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

# घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग न होने से लोगों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग न होने से लोगों में आक्रोश है। मेरठ रोड स्थित इंडियन गैस एजेंसी सहित अन्य एजेंसियों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। उपभोक्ता एक सप्ताह से बुकिंग का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं।

बागपत कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड पर स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर लोगों ने हंगामा करते हुए सिलेंडर दिए जाने की मांग की। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वह पिछले एक सप्ताह से लगातार बुकिंग का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बुकिंग नहीं हो पा रही है। इसके चलते एजेंसी संचालक सिलेंडर देने से इनकार कर रहे हैं। सिलेंडर लेने पहुंची भंवरकली नामक महिला ने बताया कि वह सुबह 7 बजे ही एजेंसी पर पहुंच गई थीं। उनके परिवार के सदस्य पिछले एक सप्ताह से सिलेंडर बुकिंग का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। उन्हें चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है। एक अन्य उपभोक्ता नीतीश शर्मा ने बताया कि वह दो दिन से लगातार सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पर आ रहे हैं और बुकिंग का भी प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा है। वहीं, एजेंसी संचालकों का कहना है कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है। हालांकि, तकनीकी समस्या के कारण गैस बुकिंग में दिक्कत आ रही है। एजेंसी संचाल. कों ने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग आ रही है, उन्हें तुरंत सिलेंडर दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि बागपत में गैस की कोई कमी नहीं है, समस्या केवल बुकिंग प्रक्रिया में आ रही है।



# पुलिस ने किशोर से कुकर्म के आरोप में युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में एक किशोर से कुकर्म के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने किशोर को फिल्म दिखाने और चॉकलेट खिलाने का लालच देकर जंगल में ले जाकर कुकर्म किया था।

पुलिस ने आरोपी को पिलाना भट्टे के पास से दबोचा। इस मामले में स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की थी। यह घटना पांच दिन पहले की है। एक किशोर अपने घर से दुकान की ओर जा रहा था, तभी पड़ोस के युवक तासीम ने उसे रोक लिया। आरोप है कि तासीम उसे फिल्म दिखाने का बहाना बनाकर जंगल में ले गया और वहां उसके साथ कुकर्म किया। घर लौटने पर किशोर ने रोते हुए अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद किशोर के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित तासीम के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सिंघावली अहीर थाना प्रभारी



मनोज चहल ने बताया कि आरोपी तासीम पुत्र सलीम को पिलाना भट्टे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# चैकिंग के दौरान पुलिस ने किया गांजा तस्कर को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने चे. कंग अभियान के दौरान एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। चौकी इंचार्ज शिवकुमार अपनी टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया, जिसे रोक. कर पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि वह गांजा तस्करी करता है। उसके कब्जे से बरामद गांजा हरियाणा से बागपत लाया गया था और इसे जिले के अलग-अलग स्थानों पर बेचा जाना था। पुलिस ने समय रहते बागपत कस्बे के रहने वाले गांजा तस्कर मोनू को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल में जुटी है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने



बताया कि गिरफ्तार तस्कर से अवैध गांजा बरामद किया गया है।

# एक नजर

## खेला गांव में सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी खेकड़ा क्षेत्र के खेला गांव पहुंचे। यहां सपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार भाटी ने कहा कि समाज में बदलाव और विकास के लिए लोगों को एकजुट होकर समाजवादी विचारधारा को मजबूत करना होगा। उन्होंने जोर दिया कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और गरीब वर्ग की आवाज उठाती रही है।

भाटी ने आगे कहा कि पार्टी जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में समाजवादी पार्टी से जुड़ें और पाटर्र की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाएं। भाटी ने विश्वास जताया कि यदि सभी मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे, तो आगामी चुनावों में सपा को बड़ी सफलता मिलेगी। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने भी आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सपा के कई स्थानीय नेता, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्टी संगठन को मजबूत करने और क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

## जिंदगी से हारे, आर्थिक तंगी के मारे बृजगोपाल को मिली केएम में नई जिंदगी



**मथुरा।** केएम अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में घुटना प्रत्यारोपण एवं कूल्हा प्रत्यारोपण जैसी जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की जाती है। पहले जिन मरीजों को ऐसे ऑपरेशन के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था और लाखों रुपये खर्च करने पड़ते थे, लेकिन अब ब्रजवासियों को केएम अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में अत्याधुनिक तकनीक से सुरक्षित उपचार मिल रहा है। ऐसा ही एक ऑपरेशन देखने को मिला है, जिसमें जिंदगी से हारे, आर्थिक तंगी के मारे 40 वर्षीय ब्रजगोपाल के लिए केएम अस्पताल मसीहा साबित हुआ है, यहां लाखों रुपए से होने वाला ऑपरेशन, दवाईयों के खर्चे पर निःशुल्क किया गया है। नई जिन्दगी पाकर खुश हुए मरीज ने चिकित्सकों की टीम और अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है, वहीं अस्पताल के चेयरमैन एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने इस सफल सर्जरी के लिए अस्थि रोग विभाग की टीम को बधाई दी है। बिहार निवासी 40 वर्षीय बृजगोपाल का पांच माह पूर्व हुए सड़क हादसे में कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। हादसे के दोषी व्यक्ति ने निजी अस्पताल में ब्रजगोपाल के कूल्हे का इलाज कराया, लेकिन एक सप्ताह बाद वह चलने-फिरने से लाचार हो गया। उसकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी, जिसके कारण वह कई अस्पताल में पहुंचा लेकिन पैसा न होने के कारण वह व्हीलचेयर के सहारे तक ही सीमित रह गया। चार माह बाद बृजगोपाल केएम अस्पताल में पहुंचा जहां हड्डी विभागाध्यक्ष डा. हर्षित जैन, डा. ललित राघव, डा. रामधन नारानिया ने मरीज की प्रारंभिक जांच कराई तो पता चला कि उसके कूल्हे की हड्डी गल चुकी है, जॉइंट रिप्लेसमेंट ही मरीज को नई जिंदगी दे सकता है। आयुष्मान न होने के कारण मरीज ने अस्थि विभागाध्यक्ष और उनकी टीम से सहयोग करने की गुहार लगाई और एचओडी डा. हर्षित जैन व उनकी टीम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी से मिले और ब्रजगा. पाल की दयनीय स्थिति की जानकारी दी।

कुलाधिपति के निर्देश पर ब्रजगोपाल का दवाईयों के खर्चें पर डा. ललित राघव, डा. रामधन, डा. आशीष शर्मा, डा. विराज मिश्रा एवं एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डा. अंचल जैन, डा. दीक्षा की विशेषज्ञ टीम निःशुल्क कूल्हा प्रत्यारोपण किया। आज बृजगोपाल स्वस्थ है, चल फिर रहा है। मरीज बृजगोपाल ने बताया उन्हें लंबे समय से कूल्हा की हड्डी गल जाने से चलना-फिरना नहीं हो पा रहा था। उन्होंने पहले निजी अस्पताल में परामर्श लिया था, जहां सर्जरी के लिए लगभग ढाई लाख रुपये का खर्च बताया गया। आर्थिक रूप से यह उनके लिए काफी कठिन था। सफल ऑपरेशन के बाद अब उनके पैर में कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दूसरे दिन से ही वे चलने लगे थे और अब वे पूरी तरह सहज और आत्मविश्वास के साथ चल-फिर पा रहे हैं। अस्थि रोग विशेषज्ञ व विभागध्यक्ष डा. हर्षित जैन ने बताया गठिया, ऑस्टियो आर्थराइटिस, रूमेटॉइड आर्थराइटिस, दुर्घटना के बाद जोड़ों की क्षति अथवा लंबे समय से घुटने और कूल्हे के असहनीय दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी अत्यंत प्रभावी उपचार है। उन्होंने बताया कि सर्जरी के बाद मरीजों के दर्द में उल्लेखनीय कमी आती है और वे तेजी से सामान्य जीवन की ओर लौटते हैं। चलने-फिरने की क्षमता में सुधार होने से मरीजों की जीवन गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि घुटने या कूल्हे की पुरानी समस्या को नजरअंदाज न करें और समय रहते अस्थि रोग विभाग की ओपीडी में विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर उचित उपचार कराएं।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन के टीकाकरण का हुआ शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागपत पर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन के टीकाकरण का डीएम अस्मिता लाल और एसपी सूरज कुमार रॉय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन से बालिकाओं में होने वाले सर्वाईकल कैंसर के खतरे से बचाया जा सकता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उन्होंने अभिभावकों से 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने की अपील की। टीकाकरण सत्र में श्री यमुना इंटर कॉलेज की छात्रा तनिशा पुत्री विजय कुमार निवासी सिसाना, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा काव्या का टीकाकरण कर शुभारंभ किया गया। टीकाकरण के उपरांत छात्राओं को डिजिटल प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर सीएमओ डा. तीरथलाल ने कहा कि समय पर वैक्सीन लगवाने से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की जा सकती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.सुरुचि शर्मा ने कहा कि वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित और प्रभावी है। किशोरियों का टीकाकरण करने के लिए जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागपत व जिला अस्पताल, बड़ौत, बिनौली, छपरौली, खेकड़ा और पिलाना सीएचसी पर सत्रों का अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर सिंह, सीएचसी अधीक्षक डा. विभाष राजपूत, प्रतिरक्षण सहायक अनुज श्रीवास्तव, कोल्ड चेन होल्डर सुनील कुमार, अमित कुमार, विशाल, एएनएम पूनम तोमर, प्रीतिमान आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद कन्हैयालाल वाल्मीकि को समाज द्वारा दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गांव राठौड़ा में अ.भा.अनु. जाति यूवजन समाज के जिलाध्यक्ष आसाराम की अध्यक्षता में रामहेर के आवास पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने कन्हैयालाल वाल्मीकि के जन्म दिवस के अवसर पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित की चिकित्सा अधिकारी अरुण कुमार ने बताया पूर्व लोकसभा सांसद एक नेता ही नहीं बल्कि आजादी के लिए 1943 से 1945 तक उन्होंने संघर्ष किया। वे महान स्वतंत्रा सेनानी भी थे। मास्टर शिव चरण ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बताया वह जनपद बुलंदशहर से 1952-1957 तथा 1962 में सांसद सदस्य के रूप में समाज की आवाज बने। अजय कुमार एडीओ ने बताया समाज की




आन बान बाबू धनपाल बहोत के साथ मिलकर समाज की उन्नति के लिए अनेकों कार्य किए तथा बेरा. जगार यूवको को रोजगार दिलाने तथा पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। इस अवसर पर साधु राम राकेश सौदाई विकास कुमार अक्षय कुमार सूद मा.राजेंद्र सिंह राजकुमार प्रवीण रमाला वीरेंद्र भगत शिवा शिवानी अभी आदि उपस्थित रहे।

# ईंट भट्टा निर्माता समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के छपरौली रोड पर ईंट भट्टा निर्माता समिति की बैठक समिति के संरक्षक बिक्रम सिंह कन्डेरा की अध्यक्षता और संरक्षक मनोज यादव के संचालन में संपन्न हुई जिसमें कुमार भट्टा कम्पनी छपरोली रोड़ बड़ौत पर सभी वक्ताओं ने बड़ी-बड़ी से संबोधित किया, जिसमें सर्व सहमति से समिति का चुनाव किया गया, जिसमें विक्रम राणा जिलाध्यक्ष और देवेन्द्र यादव को महामंत्री निर्वाचित किया गया।

बैठक में सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रकट करते हुए सी क्यु एम द्वारा एक माह तक आगामी एक माह तक कोयला उपयोग को विकल्प के रुप छुट दी गयी। उसके लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया गया। बन्धवा श्रमिकों उत्पीड़न के नाम पर बिना जांच किए जिस तरह कार्रवाई का भी विरोध किया और सर्वसहमति से मौसम और ईंधन की मंहगाई से उत्पन्न



परिस्थितियों में अपनी ईंटों को उचित दर पर बेचने का आहवान किया। बैठक में सर्व मुकेश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनय कप्तान, रणवीर सिंह, संजीव कुमार, जयवीर सिंह, बिजेंद्र सिंह, काला, चांद पहलवान शिवकुमार, राजीव, जितेन्द्र राठी, भुपेंद्र सिंह राहुल चौधरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में नवनियुक्म जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह राणा ने कहा कि हम सभी भट्टा मालिक एक दूसरे के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लेते है। उन्होने सरकार द्वारा कोयले का निर्यात पूरा होने पर सरकार को बधाई देते हुए सरकार की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला जवान की पत्नि का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** मलकपुर गांव में एक जवान की पत्नी का शव शनिवार को मकान की दूसरी मंजिल पर पंखे से लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

मर्तक की पहचान 24 वर्षीय रीना के रूप में हुई इसके पति साजिद सेवा में जवान है और वर्तमान में लद्दाख में तैनात हैं। घटना के समय रीना घर पर थी जबकि उसकी सास मोमिना और ससुर युसूफ पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गए हुए थे। घर पर रीना के साथ बड़ी बहू रेशमा भी मौजूद थी। बताया गया कि जब रेशमा दूसरी मंजिल पर बने कमरे



मृतक का फाइल फोटो

में पहुंची तो उन्होंने रीना का सब पंखे से लटका देखा।

इस दृश्य को देखकर वह घबरा गई और बाहर आकर शोर मचाया जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंखे से उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के दो छोटे बच्चे हैं जिन में बड़ा बेटा लगभग 3 साल का और छोटा बेटा डेढ़ साल का है। थाना प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी घटना का चल पाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

# सामान्य जाति संघर्ष समिति की बैठकआयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित सामान्य जाति संघर्ष समिति की एक बैठक ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता राधेश्याम शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने किया बैठक को संबो. धित करते हुए सामान्य जातिसंघर्ष समिति के अध्यक्ष दीपक शर्मा एडवोकेट ने कहा कि जब तक यूजीसी को सरकार वापस नहीं लेती तब तक हमारा विरोध प्रकट जारी रहेगा। सभी वक्ताओं ने यूजीसी के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सामान्य जाति संघर्ष समिति का प्रत्येक व्यक्ति इस काले कानून की घोर निंदा करता है। इस मौके पर राधेश्याम शर्मा एडवोकेट दीपक शर्मा एडवोकेट सक्षम पंडित राजपाल शर्मा आदित्य भारद्वाज राधेश्याम भारद्वाज दरोगा केडी शर्मा ओमपाल राठी अनिल शर्मा बावली अमित वशिष्ट एडवोकेट प्रवीण कुमार आचार्य डा.रमेश वशिष्ठ ब्राह्मण महासभा समिति के मेरठ मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा नीरज वत्स राजपाल शर्मा वात्सायन पैलेस सुरेंद्र मोगा शिवकुमार शर्मा राधेश्याम शर्मा फाइनेंसर आदित्य भारद्वाज आदि ने भाग लिया।



# आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए आप पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि से आम जनता और छोटे व्यापारी परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस की भारी कमी के कारण होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई स्थानों पर गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।




जिलाध्यक्ष ने बताया कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में लगभग 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर के दामों में करीब 120 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता की कमर टूट चुकी है। ओमवीर सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि परिस्थितियों और ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े संकटों से निपटने के लिए केंद्र सरकार के पास कोई स्पष्ट रणनीति नही। आप कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम दिए ज्ञापन में मांग की है कि घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस ली जाएं। इसके साथ ही, पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए एक पारदर्शी नीति बनाई जाए और गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को गैस पर विशेष सब्सिडी प्रदान की जाए। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई और गैस संकट के मुद्दे पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आप पार्टी देशभर में जन आंदोलन तेज करेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.95 लाख वादों का निस्तारण

■ करीब 19 करोड़ रुपये की धनराशि पर हुआ समझौता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशन में शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह-द्वितीय ने देवी सरस्वती और भगवान गणेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, अधिवक्ताओं और प्रशासनिक विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान आपसी सुलह-समझौते के आधार पर बड़ी संख्या में लंबित मामलों का निस्तारण कराया गया। नोडल अधिकारी एवं अपर जनपद न्यायाधीश उमा शंकर कहार ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से कुल 1,95,735 वादों का सफल निस्तारण किया गया, जिसमें लगभग 19 करोड़ 4 लाख 52 हजार 969 रुपये की धनराशि के संबंध में आदेश पारित किए गए। उन्होंने बताया कि सत्र न्यायालयों ने 1081 वादों का निस्तारण करते हुए 7700 रुपये जुर्माना लगाया। दीवानी न्यायालयों ने 564 मामलों में 69 लाख 54 हजार 150 रुपये, जबकि फौजदारी न्यायालयों ने 45,619 मामलों में 25 लाख 85 हजार 563 रुपये की जुर्माना धनराशि के आदेश पारित किए। लोक अदालत में पारिवारिक न्यायालयों के माध्यम से 226 दंपतियों के बीच सुलह-समझौता कराया गया। प्रधान न्यायाधीश मोहम्मद अशरफ अन्सारी ने 66, अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने 46, न्यायाधीश छाया नैन ने 60 तथा ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने 54 वादों का निस्तारण कराया। इसके अलावा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 175 मामलों का निस्तारण कर करीब 9 करोड़ 83 लाख 30 हजार 600 रुपये की समझौता राशि तय की। वाणिज्यिक न्यायालय ने 10 मामलों में 64 लाख 86 हजार 820 रुपये तथा स्थायी लोक अदालत ने 2 मामलों में 52 हजार 250 रुपये की धनराशि के आदेश पारित किए।

प्रशासनिक विभागों द्वारा भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। पुलिस विभाग ने 76,593 मामलों, परिवहन विभाग ने 2315 मामलों, नगर निगम ने 10,908 मामलों, स्वास्थ्य विभाग ने 1508 मामलों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी ने 12,640 मामलों का निस्तारण किया। इसी के साथ विभिन्न न्यायालयों और पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय द्वारा 70,992 ई-चालानों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि बैंक ऋण से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए न्यायालय परिसर में 25 पीठों का गठन किया गया, जिनमें 1661 मामलों का निस्तारण कर 1 करोड़ 36 लाख 85 हजार रुपये की वसूली की गई।

लोक अदालत के दौरान केन्द्रीय कारागार के बंदियों द्वारा तैयार हस्तशिल्प वस्तुओं और औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। वहीं स्वयं सहायता समूहों और महिला कल्याण विभाग द्वारा तैयार उत्पादों की भी बिक्री की गई। उन्होंने बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए लोक अदालत परिसर में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया, जहां पैरा लीगल वालंटियर लोगों को आवश्यक जानकारी और सहायता प्रदान करते रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में न्यायिक अधिकारियों, बैंक-बीमा कंपनियों, कर्मचारियों, पराविधिक स्वयंसेवकों और मीडिया कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एलपीजी गैस एजेंसियों पर एडीएम का औचक निरीक्षण



■ लता इंडियन गैस पर स्टॉक रजिस्टर न भरने पर नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में एलपीजी गैस की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग पर रोक लगाने के लिए शनिवार को अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में की गई।

निरीक्षण के दौरान लता इंडियन गैस (पीलीभीत बाईपास), मलका गैस इंडियन गैस सर्विस (श्यामतग.ंज) तथा रुहेलखण्ड इंडेन गैस (हार्टमैन रोड) गैस एजेंसियों और उनके गोदामों की जांच की गई। अधिकारियों ने गोदाम में मौजूद गैस सिलेंडरों के स्टॉक का ऑनलाइन स्टॉक स्टेटस से मिलान कर सत्यापन किया, जिसमें स्टॉक सही पाया गया। हालांकि लता इंडियन गैस के गोदाम पर स्टॉक रजिस्टर अद्यतन नहीं पाया गया, जिसपर एजेंसी स्वामी को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। अन्य एजेंसियों में मौके पर कोई अनियमितता नहीं मिली। अपर जिलाधिकारी ने एजेंसी मालिकों और प्रबंधकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की बुकिंग के बाद समय पर घर तक रिफिल उपलब्ध कराई जाए और किसी भी प्रकार की भ्रांति या शिकायत की स्थिति न बनने दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ओवर रेटिंग या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह, आपूर्ति लिपिक आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### लोधी समाज के होली मिलन समारोह में एकता व शिक्षा पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की ओर से ध्रुव मैरिज हॉल, मिर्जापुर चौराहा मीरगंज में होली मिलन समारोह एवं सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों, जनप्रति.निधियों व क्षेत्र के प्रधानों ने भाग लिया।

प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश में लोधी समाज की लगभग आठ प्रतिशत आबादी है और समाज को संगठित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी पर भी जोर दिया। पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने बाबूजी कल्याण सिंह के योगदान को याद करते हुए शिक्षा के प्रसार पर बल दिया। स्याना विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में भाईचारा बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ख्याली राम ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री पूरनलाल लोधी ने किया। इस अवसर पर मुकेश वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, दिनेश वर्मा, इंजीनियर श्याम सुंदर लोधी, अशोक लोधी, जी.एल. वर्मा, मोहर सिंह, मनोहर देवी, भगवत शरण लोधी, रमेश फौजी, हरद्वारी लाल वर्मा, गंगा सहाय राजपूत, हरीश गंगवार और महेंद्र सिंह गंगवार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### वारिसान प्रमाण पत्र विवाद ने पकड़ा तूल, लेखपाल हड़ताल पर बैठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** वारिसान प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने को लेकर अधिवक्ता और लेखपाल के बीच हुआ विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार को दूसरे दिन भी मीरगंज तहसील परिसर में लेखपाल हड़ताल पर बैठ गए और अधिवक्ताओं के खिलाफ नारेबाजी की।

बताया जाता है कि सैंजना निवासी भूपाल अपने पिता के वारिसान प्रमाण पत्र की रिपोर्ट लगवाने के लिए अधिवक्ता मोर सिंह के साथ लेखपाल उमाशंकर राणा के पास पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो बाद में विवाद में बदल गई। सूचना मिलने पर कई अधिवक्ता भी मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू हो गया था।घटना के विरोध में लेखपालों ने शनिवार को तहसील परिसर में धरना दिया और नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक उनके साथ हुए दुर्व्यवहार पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नाबालिग पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी को हरपाल नामक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों ने अपने स्तर से काफी तलाश की, लेकिन बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने थाने में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में दोनों के बीच प्रेम प्रसंग होने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक की पीड़िता के गांव में रिश्तेदारी है, जिसके चलते उसका घर आना-जाना लगा रहता था। मामले में पुलिस ने हरपाल पुत्र बेनीराम निवासी ग्राम सिदौर, थाना नवाबगंज, जिला बरेली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग और आरोपी की तलाश के लिए टीम लगाई गई है, और जल्द ही दोनों को बरामद कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रोवर-रेंजर्स त्रिदिवसीय शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में रोवर एवं रेंजर्स विभाग द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय शिविर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



शिविर के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

टेंट प्रतियोगिता में नेताजी सुभाष चंद्र टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कल्पना चावला टोली द्वितीय और दुर्गावाहिनी टोली तृतीय स्थान पर रही। वहीं सर्वश्रेष्ठ रोवर प्रतियोगिता में रवि ने प्रथम, अमित कुमार ने द्वितीय तथा प्रशांत ने तृतीय स्थान हासिल किया। रेंजर्स इकाई में निशा ने प्रथम, नीलम ने द्वितीय और महविश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह ने स्वयंसेवकों को दीक्षा देकर प्रवेश दक्षता प्रदान की। इसके बाद ध्वज अवतरण एवं राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. ममता रंजन लीडर, रेंजर्स इकाई तथा डॉ. शिव प्रताप सिंह लीडर, रोवर इकाई का विशेष योगदान रहा। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, सहयोग और आत्मनिर्भरता का विकास करना रहा।इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य प्रो. विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. रेखा रानी बंसल, डॉ. पारुल जैन, डॉ. नीलम राठौर, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. विनय सिंह चौहान तथा डॉ. दीपांकर राव सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### समाजवादी पार्टी के होली मिलन समारोह में जुटे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शनिवार को कस्बे के एक बैंकट हॉल में समा.जवादी पार्टी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार ने कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने कहा कि होली समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करती है।उन्होंने कहा कि किसी भी देश की दशा उसकी नई पीढ़ी की दिशा से तय होती है, इसलिए बच्चों को संस्कारवान और शिक्षित बनाना जरूरी है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार देश को 1947 तक विश्व गुरु बनाने की बात करती है।लेकिन दूसरी ओर स्कूल बंद कर युवाओं को शिक्षा से दूर किया जा रहा है। पूर्व मंत्री ने जापान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां मेट्रो बंद करने के निर्णय को एक छात्रा ने अपनी पढ़ाई प्रभावित होने की बात कहकर चुनौती दी, जिसके बाद सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति ऐसी जागरूकता ही किसी भी देश को आगे ले जाती है। कार्यक्रम आयोजक भद्रसेन गंगवार ने सपा नेताओं से विधानसभा के कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारी देने की मांग की। इस पर पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार और विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए स्थानीय कार्यकर्ता को ही जिम्मेदारी देने के संकेत दिए। इस दौरान लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष भावेश यादव, प्रवीण गंगवार, सेक्टर प्रभारी मीरगंज कुंवरसेन राजपूत, पूर्व प्रवक्ता मयंक शुक्ला (मोंटी),पूर्व ब्लॉक प्रमुख आदेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार सहित जिले व विधानसभा क्षेत्र के प्रधान, बीडीसी, और सपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। अंत में आयोजक भद्रसेन गंगवार ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**मीरगंज में स्थानीय चेहरे की चर्चा**

# पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण



■ नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से परीक्षा कराने के अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने शनिवार को जनपद में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने बिशप मंडल इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान सभी परीक्षार्थी शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा देते हुए पाए गए। डीएम ने नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी परीक्षा कक्षों की निगरानी की। निरीक्षण के दौरान सभी सीसीटीवी कैमरे संचालित पाए गए और परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक रही। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा से जुड़े सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए, तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराया जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक सवार पिता-पुत्र को कार ने मारी टक्कर

■ पिता की इलाज के दौरान मौत, पुत्र गंभीर

■ सात दिन तक अस्पताल में चला इलाज, घायल बेटे का उपचार जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बेटी के घर होली मिलन में शामिल होकर वापस लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि बेटा अभी भी अस्पताल में भर्ती है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम आसपुर हसन अली निवासी शिव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता गंगाराम और भाई देवश्री छह मार्च को बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौंटिया संतोष स्थित अपनी बहन के घर होली मिलन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

शाम करीब साढ़े छह बजे दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गौंटिया संतोष पुल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार (यूके-06-एन-5073) ने उनकी बाइक (यूपी-25- एएफ-6265) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को तुरंत बरेली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंगाराम की हालत लगातार गंभीर बनी रही। करीब सात दिन तक इलाज चलने के बाद 13 मार्च की सुबह करीब पांच बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं घायल देवश्री का अस्पताल में उपचार जारी है।

पिता की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीआईजी ने बदायूं में दरोगा भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी ने शनिवार को जनपद बदायूं में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2026 को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लाप.रवाही न बरती जाए, और सभी व्यवस्थाएं निर्धारित नियमों के अनुसार संचालित की जाएं।

डीआईजी ने केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों की जांच प्रक्रिया पूरी सतर्कता और पारदर्शिता के साथ की जाए, ताकि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करें। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन की सतर्कता के कारण भर्ती परीक्षा व्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि भर्ती प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।

# सरकारी भूमि पर प्लाटिंग का आरोप

■ पैमाइश के तीन दिन बाद भी कब्जा बरकरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नवाबगंज-दलेलनगर रोड पर ग्राम ज्योराख्रमकरन्दपुर में एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा जिला पंचायत और लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) की भूमि में शामिल कर उसकी भी प्लॉटिंग कर बेचने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद मौके पर पहुंची लेखपाल पूनम कुमारी ने पैमाइश कर अवैध कब्जे का चिन्हांकन तो कर दिया, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी न तो कब्जा हट सका और न ही दबंग कॉलोनाइजर के खिलाफ कोई भी कार्यवाही की गई है।

जानकारी के अनुसार, नवाबग.ंजख्रदलेलनगर मार्ग पर ग्राम ज्योरा मकरंदपुर के रोड किनारे स्थित भूखण्ड संख्या 0333 कस्बा निवासी नत्थूलाल के नाम दर्ज है, जिसका कुल रकबा करीब 400 वर्ग मीटर बताया गया है। इस भूखण्ड के एक ओर जिला पंचायत का खड़ंजा और दूसरी ओर लोनिवि की पक्की सड़क है। आरोप है कि नगर के एक कालोनाइजर ने उक्त भूखण्ड का सौदा कर उसमें दुकानों के लिए प्लॉटिंग कर ऊंचे दामों पर बिक्री कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लॉटिंग के दौरान सरकारी भूमि का कुछ हिस्सा भी शामिल कर लिया गया। इस संबंध में कस्बे के एक युवक ने करीब दो माह पहले 12 दिसंबर को एसडीएम से शिकायत की थी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच काला.ेनाइजर ने धीरे-धीरे अधिकांश प्लॉट बेच दिए। तीन दिन पूर्व दोबा.रा शिकायत मिलने पर एसडीएम के निर्देश पर गुरुवार को लेखपाल पूनम मौके पर पहुंचीं, और स्थलीय पैमाइश की। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर उन्होंने अवैध कब्जे का चिन्हांकन कर निर्माण करने वालों को कब्जा हटाने की चेतावनी दी, और पूरे प्रकरण की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी। हालांकि पैमाइश हुए तीन दिन बीत जाने के बाद भी मौके से कब्जा नहीं हटाया गया है, और न ही प्रशासन की ओर से कोई आगे की कार्रवाई दिखाई दी है। इससे ग्रामीणों में नारा.जगी है और उन्होंने जल्द कार्रवाई कर सरकारी भूमि मुक्त कराने की मांग की है।

एसडीएम उदित पवार ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में अभी तक नहीं आया है। फिर भी वह पूरे प्रकरण की जानकारी करा रहे हैं। यदि जांच में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा या प्लॉटिंग की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कब्जा हटवाया जाएगा और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। दूसरी ओर सरकारी जमीन पर प्लाटिंग कर बेचने वाले कॉलोनाइजर भी तहसील कर्मियों से सांठ गांठ करने में लगे हुए हैं।

# गन्ने के खेत में निकला विशालकाय मगरमच्छ



■ घंटों की मशक्कत के बाद वन विभाग ने किया रेस्क्यू, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बे के मोहल्ला लोधीपुर में उस समय हड़कंप मच गया, जब गन्ने के खेत में अचानक एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई दे गया। मगरमच्छ को देखते ही खेतों में काम कर रहे लोगों में चीख-पुकार मच गई, और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, और घंटों की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

मामला लोधीपुर नहर पार क्षेत्र का है। यहां ईंट भट्ठे के पास स्थित लालता प्रसाद के गन्ने के खेत में ग्रामीण काम कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर खेत में छिपे एक विशालकाय मगरमच्छ पर पड़ी। मगरमच्छ को देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और आसपास के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। मगरमच्छ को पकड़ना आसान नहीं था। वह बार-बार खेत के अंदर घुसकर छिपने की कोशिश कर रहा था। करीब तीन घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन और कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से जाल डालकर मगरमच्छ को काबू में कर लिया।

वन विभाग की टीम मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले गई है।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना रहा, हालांकि मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वनविभाग के रेंजर एस एस चौहान ने बताया कि मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है।

# घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़



■ पूर्ति विभाग और पुलिस टीम ने जब्त किये 22 सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जिला पूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को शीशगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जाफरपुर में छापा मारकर घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान एक दुकान से 22 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिनमें 19 खाली और तीन भरे हुए थे।

मुखबिर की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक रवि कुमार सक्सेना, पूर्ति लिपिक आयुष शर्मा तथा थाना शीशगढ़ की पुलिस टीम ने मोहम्मद इस्लाम पुत्र भूलल्ड निवासी ग्राम जाफरपुर की दुकान पर छापा मारा। जांच के दौरान दुकान से घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण पाया गया। इससे स्पष्ट हुआ कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबा.जारी की जा रही थी।टीम ने मौके से बरामद सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया है। मामले में आरोपी मोहम्मद इस्लाम के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत थाना शीशगढ़ में मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।उधर, सुधा इंडेन गैस एजेंसी का तहसीलदार आशीष कुमार ने निरीक्षण किया गया और स्टॉक का मिलान किया गया। अधिकारियों के अनुसार पिछले दो-तीन दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण डीएसी प्रक्रिया में कुछ देरी हो रही है, हालांकि एजेंसी पर गैस वितरण की व्यवस्था सामान्य और सुचारू रूप से चल रही है।


**कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़ जनपद-बरेली**

पत्रांक- 325 /न०पं०शी०/2025-26 दिनांक- 13.03.2026

**सार्वजनिक ठेका नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शीशगढ़, बरेली के वार्षिक ठेके वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये दिनाँक 23.03.2026 को प्रात: 11:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़ जनपद-बरेली में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शीशगढ़ द्वारा नीलाम किये जायेंगे। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त नियत तिथि व स्थान पर उपस्थित होकर ठेका नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**ठेका विवरण निम्न प्रकार है-**

**01.** ठेका थाना बाजार।

**02.** ठेका बारात घर।

**नोट:-** उपरोक्त ठेके से सम्बन्धित शर्तें व नियम की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़, बरेली से प्राप्त कर सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत शीशगढ़ बरेली

**अध्यक्ष** नगर पंचायत शीशगढ़ बरेली


# ससुरालियों पर मारपीट करने का आरोप, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की एक बस्ती की महिला फूलबती ने अपनी पुत्री के ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे की एक बस्ती निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब 11 माह पहले उन्होंने अपनी पुत्री की शादी तहसील फरीदपुर के गांव सिमरा केशोपुर निवासी रामचंद्र के पुत्र आदेश साथ की थी। इसी वर्ष 26 फरवरी को उनकी पुत्री ने एक बेटी को जन्म दिया था, आरोप है कि इसके बाद ससुराल वाले यह कहकर उसे प्रताड़ित करने लगे कि उसने बेटी को जन्म दिया है और अब उसे घर में नहीं रखेंगे। महिला का आरोप है कि 13 मार्च को वह अपनी पुत्री से मिलने उसके ससुराल पहुंची तो वहां ससुराल पक्ष के रामचंद्र, सास कृष्णा, जेठ मुनेश, विशेष और जैनेंद्र उसकी पुत्री को गालियां दे रहे थे, और मारपीट कर रहे थे। समझाने का प्रयास करने पर आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस दौरान लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उनकी पुत्री के पेट में चोट लग गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे किसी तरह मां-बेटी ने अपनी जान बचाकर नवाबगंज अपने घर पहुंची।

# सिम्स में नियोनेटल रेससिटेशन कार्यशाला संपन्न

## सरस्वती मेडिकल कॉलेज में नवजात की पहली सांस बचाने का हुनर सीखेंगे स्वास्थ्यकर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड हॉस्पिटल के कॉलेज ऑडिटोरियम में नवजात शिशुओं की जीवनरक्षा से जुड़ी बेसिक नियोनेटल रेससिटेशन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रसव सेवाओं और नवजात देखभाल से जुड़े स्वास्थ्यकर्मियों को जन्म के तुरंत बाद शिशुओं में उत्पन्न होने वाली आपात स्थितियों से निपटने के लिए दक्ष बनाना रहा।

विशेषज्ञों ने बताया कि कई बार जन्म के बाद नवजात शिशु स्वयं सांस नहीं ले पाता, ऐसे में तुरंत और सही तरीके से की गई रेससिटेशन प्रक्रिया उसकी जान बचा सकती है। प्रशिक्षण में नवजात का प्रारंभिक मूल्यांकन, वायुमार्ग को सुरक्षित रखना, प्रभावी वेंटिलेशन देना तथा शिशु को स्थिर करने की तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स और नेशनल नियोनैटोलॉजी फोरम के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया। कार्यशाला का संचालन बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो. डा. योगेश कुमार गोयल के नेतृत्व में हुआ। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उन्होंने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। आयोजन समिति में चिकित्सा अधीक्षक डा. सी.एस. (मेजर जनरल) अहलुवालिया, डीन एवं प्रिंसिपल डा. बरखा गुप्ता तथा जी.एस. मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभागाध्यक्ष एवं इंडियन



एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के गाजियाबाद सचिव डा. अंशुमान श्रीवास्तव शामिल रहे। विशेषज्ञों ने कहा कि समय पर की गई नियोनेटल रेससिटेशन से नवजात मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है, विशेषकर बर्थ एस्फिक्सिया और श्वसन कष्ट जैसी स्थितियों में। ऐसे प्रशिक्षण से शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और न्यूरोलॉजिकल विकास की संभावना बढ़ती है। संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन तथा वाइस चेयरपर्सन सुश्री रम्या रामचंद्रन ने आयोजन टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन संस्थान की अकादमिक गुणवत्ता को मजबूत करने के साथ-साथ चिकित्सा कर्मियों की दक्षता बढ़ाते हैं और बेहतर नवजात देखभाल सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्थान भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# कड़ी सुरक्षा में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के पहले दिन शनिवार को रेलवे रोड स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दो दिवसीय इस परीक्षा में पहले दिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिए।

सुबह से ही परीक्षा केंद्र के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटने लगी थी। निर्धारित समय से काफी पहले अभ्यर्थी केंद्र पर पहुंच गए थे। प्रवेश द्वार पर पुलिसकर्मियों द्वारा सघन तलाशी ली गई तथा प्रवेश पत्र और वैध पहचान पत्र की जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को अंदर जाने दिया गया। केंद्र के आसपास भी पुलिस बल तैनात रहा और लगातार गश्त की गई, जिससे



किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए केंद्र परिसर और परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई।

कंट्रोल रूम से भी गतिविधियों पर नजर रखी जाती रही। वहीं प्रशासनिक अधिकारी समय-समय पर केंद्र का निरीक्षण करते रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। दूर-दराज से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परिवहन व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई। अतिरिक्त बसों का संचालन कराया गया, जिससे परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो।

सीओ अनीता चौहान ने बताया कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# दरोगा भर्ती परीक्षा में सख्ती, एसपी ने केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा शनिवार को जनपद के विभिन्न केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच संपन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने हापुड़ नगर और पिलखुवा क्षेत्र के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने केंद्रों के प्रवेश द्वार, तलाशी व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, पुलिस तैनाती और परीक्षार्थियों की आवाजाही की व्यवस्था का बारीकी



से अवलोकन किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए और परीक्षा की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई और वैध प्रवेश पत्र तथा पहचान पत्र देखने के बाद ही अंदर जाने दिया गया। केंद्रों के आसपास भी गश्त बढ़ाई गई, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या बाहरी हस्तक्षेप की संभावना न रहे। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने संबंधित अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संचालित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी अभ्यर्थियों को निष्पक्ष माहौल मिले और भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रहे। पुलिस और प्रशासन की सतर्कता के चलते जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी परीक्षा के शेष चरणों में इसी प्रकार कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी जाएगी, ताकि पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो सके।

# अफवाह से मचा हड़कंप, राणा एचपी गैस एजेंसी पर सिलेंडर के लिए उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोदीनगर रोड स्थित राणा एचपी गैस एजेंसी पर शनिवार को गैस सिलेंडर की कमी की अफवाह फैलने के बाद उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। एजेंसी के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं, जिससे सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि सरकार और एजेंसी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर गैस की कमी की चर्चाएं चल रही थीं। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग बिना बुकिंग के ही सिलेंडर



लेने के लिए एजेंसी पहुंचने लगे। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण एजेंसी के बाहर अव्यवस्था की स्थिति बन गई और लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ा। एजेंसी संचालक विक्रांत तोमर ने बताया कि एलपीजी की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। केंद्र सरकार द्वारा गैस उपलब्धता को मजबूत करने के लिए एलपीजी स्रोतों में लगभग 28 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है, जिससे देशभर में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और नियमित प्रक्रिया के अनुसार गैस सिलेंडर की बुकिंग कराएं। बुकिंग के 2 से 3 दिन के भीतर सिलेंडर घर तक पहुंचा दिया जाता है, इसलिए एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से भी स्पष्ट किया गया है कि देश में एलपीजी की उपलब्धता पर्याप्त है और वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। एजेंसी प्रबंधन ने लोगों से संयम बनाए रखने और व्यवस्था को सुचारू रखने में सहयोग करने की अपील की है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

# गैस की किल्लत के बीच इलेक्ट्रिक चूल्हों की बिक्री में उछाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** घरेलू गैस की अनिश्चित आपूर्ति और संभावित किल्लत की चर्चाओं के बीच शहर में इलेक्ट्रिक चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। बाजारों में लोग बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक चूल्हे खरीदने पहुंच रहे हैं, जिससे इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानों पर रौनक लौट आई है और व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गैस सिलेंडर की कमी की खबरों और अफवाहों के कारण उपभोक्ता वैकल्पिक साधनों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में इलेक्ट्रिक चूल्हा सबसे आसान और सुलभ विकल्प बनकर उभरा है। खासतौर पर छोटे परिवार और किराए के मकानों में रहने वाले लोग बड़ी संख्या में इन्हें खरीद रहे हैं। बाजार में सिंगल प्लेट से लेकर



डबल प्लेट और इंडक्शन चूल्हों तक की बिक्री तेज हो गई है। कई दुकानों पर तो लोकप्रिय मॉडलों का स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है। व्यापारियों के अनुसार सामान्य दिनों की तुलना में बिक्री में कई गुना वृद्धि दर्ज की जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस खत्म होने या सिलेंडर मिलने में देरी की स्थिति में खाना बनाने में परेशानी होती है, इसलिए वे पहले से ही वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं। बिजली से चलने वाले चूल्हे इस्तेमाल में आसान होने के साथ सुरक्षित भी माने जाते हैं। व्यापारियों ने बताया कि मांग बढ़ने के कारण कुछ मॉडलों की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी भी देखने को मिल रही है, हालांकि अधिकांश दुकानदार पुराने स्टॉक को पहले की दरों पर ही बेच रहे हैं। उनका कहना है कि यदि मांग इसी तरह बनी रही तो आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ सकती है।

# फीस न देने पर पहली कक्षा के मासूम की पिटाई का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के एक निजी विद्यालय में पहली कक्षा के छात्र की कथित पिटाई का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि फीस जमा न होने पर स्कूल प्रबंधन ने मासूम बच्चे के साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना से आक्रोशित परिजनों ने स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

आरोप है कि कोटला फूलगढ़ी मिल के सामने गली में स्थित जे.पी. पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले एक छोटे बच्चे को फीस न जमा होने के कारण कथित रूप से प्रताड़ित किया गया। परिजनों का आरोप है कि प्रिंसिपल और उनके बेटे ने छात्र के साथ मारपीट की। बच्चा पहली कक्षा का छात्र है और उम्र भी काफी कम बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार जब बच्चा घर पहुंचा तो उसकी हालत देखकर वे घबरा गए। बच्चे के शरीर पर चोट के निशान होने का दावा किया गया है। इसके बाद परिवार के लोग तुरंत स्कूल पहुंचे और प्रबंधन से जवाब मांगा। इस दौरान स्कूल के बाहर काफी देर तक हंगामा होता रहा और माहौल तनावपूर्ण बना रहा। स्थिति बिगड़ती देख परिजनों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने परिजनों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। घायल बच्चे को परिजन तत्काल डॉक्टर के पास ले गए, जहां चिकित्सक की सलाह पर एक्स-रे कराने की तैयारी की गई, ताकि किसी भी अंदरूनी चोट की पुष्टि की जा सके। फिलहाल बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में भी चर्चा का माहौल है और स्कूल प्रबंधन के रवैये को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान होने चाहिए और फीस को लेकर इस तरह का व्यवहार बेहद गंभीर मामला है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### टोल के मामले में पंकज लोधी के समर्थन में आएंगे आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी: संजय सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** टोल प्लाजा को लेकर समाज सेवी पंकज लोधी द्वारा किए जाने आमरण अनशन को संजीवनी देने के लिए अब सोमवार आप पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह का आगमन होगा। इसको लेकर आप पार्टी के पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संपर्क किया है।

शनिवार को गढ़ में प्रेसवार्ता करते हुए आम आदमी पार्टी के हापुड़ जिला प्रभारी डाक्टर नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि गंगा नगरी क्षेत्र के लोगों को टोल प्लाजा एक ग्रहण की तरह है। आम लोगों की जेब पर बिना बात की बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज सेवी पंकज लोधी के द्वारा निरंतर समाज सेवी द्वारा धरना दिया जा रहा है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। अब अधिकारियों ने उनको जबरन उठा दिया गया और अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। सोलंकी ने कहा कि मेरठ के अस्पताल में पंकज लोधी से पार्टी के मेरठ जिलाध्यक्ष ने वार्ता की है। सोलंकी ने कहा कि पंकज लोधी के आमरण अनशन को समर्थन देने के लिए पार्टी के सांसद और उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह का आगमन होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सफल बनाने के लिए आस पास के लोगों से संपर्क किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव हिममतपुर स्थित पीएम श्री कंपोजिट स्कूल में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने स्कूल प्रधानाध्यापक शमशुल हसन एवं समस्त स्टाफ की सराहना की जूडो कोच खेल प्रशिक्षक सुबोध यादव ने संचालन करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 9 से 11 मार्च 2026 में पीएम श्री कंपोजिट स्कूल हिम्मतपुर के छात्र-छात्राओं ने जूडो एवं कुरास प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 26 पदक (15 गोल्ड, 6 सिल्वर एवं 5 ब्रॉन्ज) प्राप्त कर विद्यालय एवं जनपद हापुड़ का नाम समूचे प्रदेश में रोशन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीएम श्री विद्यालय लठीरा गढ़मुक्तेश्वर के खेल विजेताओं को भी संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 सिल्वर मेडल प्राप्त किए थे। छात्रा राशि को 100 मीटर बालिका जूनियर वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिरोही जिला व्यायाम शिक्षिका आशा ब्लॉक शिक्षक अजय सतेंद्र ब्लॉक व्यायाम शिक्षिका सरिता चौधरी लक्ष्मी, अनिल चौहान, राहुल, परवीन शर्मा, नदीम, राजू ,सूरज सिंह उपस्थित रहे।

### चीनी मिल मे लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के चीनी मिल में कार्य करने वाले श्रमिकों का स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डाक्टरों द्वारा जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

जिला अधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डक्कसुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा आदेशित सभी औद्योगिक संस्थाओं, होटलों, हॉस्टलों आदि में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के क्रम मे शनिवार की सुबह चीनी मिल परिसर में एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह की अध्यक्षता में टीम द्वारा क्षय रोग(टीबी) रक्त चाप मधु मेह (शुगर) आदि की जांच कराई गई। जबकि एवम् एचआईवी सम्बंधी परामर्श एवम् जांच की सेवाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर चीनी मिल के जनरल मैनेजर करण सिंह, शिवचरण, स्वास्थ्य विभाग से डा अशोक रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार वाहन ने ली युवक की जान, जीएस फ्लाईओवर पर अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के जीएस फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया गया कि घटना शुक्रवार देर रात करीब दो बजे की है। फ्लाईओवर से गुजर रहे लगभग 35 वर्षीय युवक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# गोदाम मालिक की हत्या का खुलासा, पुलिस ने 48 घंटे में दबोचा हत्यारोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के बछलौता रोड स्थित अभय इलेक्ट्रॉनिक्स गोदाम में हुई विनोद पाल हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने दो दिन में सुलझा ली। थाना बाबूगढ़ पुलिस और जनपदीय स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, मृतक का जला हुआ मोबाइल फोन, खून से सने जले कपड़े और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

गौरतलब है कि 11/12 मार्च की रात गोदाम के अंदर विनोद पाल का शव मिला था। अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते



ही पुलिस के उच्चाधिकारी, फॉरेंसिक टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची थी और जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान संदेह के आधार पर पुलिस ने रितिक कुमार पुत्र मुन्नू निवासी ग्राम छपकौली थाना बाबूगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपी ने बताया कि वह मृतक के यहां नौ हजार रुपये मासिक वेतन पर काम करता था। आरोप है कि मृतक उसे रात में काम के बहाने बुलाता, शराब पिलाकर उसके साथ गलत हरकत करता और विरोध करने पर धमकाता था। आरोपी के अनुसार 11 मार्च की रात भी उसे गोदाम पर बुलाया गया और कथित रूप से उसके साथ फिर गलत काम किया गया, जिससे वह आक्रोशित हो गया। इसके बाद उसने बैग में रखे चाकू से विनोद पाल की गर्दन पर कई वार कर गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने साक्ष्य मिटाने के लिए मृतक का मोबाइल फोन और अपने खून से सने कपड़े जला दिए तथा मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, जला हुआ मोबाइल फोन, रक्तरंजित कपड़े और स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विद्वानों ने रखे विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में मानव कल्याण हेतु साहित्य का योगदान विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन देशभर से आए प्रख्यात शिक्षाविदों और साहित्यकारों ने समाज निर्माण में साहित्य की भूमिका पर गहन चर्चा की। एसोसिएशन फॉर इंग्लिश स्टडीज ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, बहुभाषिकता और मानवीय मूल्यों पर अपने विचार साझा किए।



मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. डा. कुलदीप सिंह ने कहा कि महाकाव्य, लोककथाएं और आधुनिक साहित्य समाज को एक साझा सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ते हैं। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की प्रो. निशा सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बहुभाषिकता और भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि साहित्य इन दोनों को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। एईएसआई के महामंत्री एवं प्रसिद्ध उपन्यासकार प्रो. विकास शर्मा ने कहा कि साहित्य समाज की सोच बदलने की क्षमता रखता है और साहित्यकार का दायित्व मानवता के हित में स्वतंत्र विचार प्रस्तुत करना है। संस्थान के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियां ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त मंच होती हैं और विद्यार्थियों को साहित्य व संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता विभिन्न विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ शिक्षकों ने की, जिनमें डा. बबीता त्यागी, डा. पूनम शर्मा, डा. विपिन कुमार, डा. बीना, डा. प्रकाश भादुड़ी और डा. वंदना शर्मा शामिल रहे। समापन सत्र में उत्कृष्ट शोधपत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। आयोजकों ने इसे ज्ञान और विचारों के सार्थक आदान-प्रदान का सफल मंच बताया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 2.30 लाख से अधिक मामलों का समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों, बैंकों और विभागों से जुड़े कुल 2,30,881 मामलों का निस्तारण कर रिकॉर्ड बनाया गया। साथ ही करीब 6.81 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का सेटलमेंट भी हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह प्रथम ने फीता काटकर, दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। उद्घाटन अवसर पर परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, अपर जिला जजों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बैंक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत में निस्तारित मामलों में दोनों पक्षों की जीत होती है और समय व धन की बचत के साथ आपसी सौहार्द भी बना रहता है। नोडल अधिकारी अपर जिला जज हनी गोयल की देखरेख में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 4104 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें लगभग 1.48 करोड़ रुपये का सेटलमेंट हुआ। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार वर्मा ने अकेले 2460 लघु आपराधिक मामलों का निस्तारण करते हुए 2.31 लाख रुपये से अधिक का अर्थदंड वसूल किया। परिवार न्यायालय में 49 मामलों का निपटारा हुआ, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में 30 मामलों में 77.50 लाख रुपये का सेटलमेंट हुआ। बैंकों से संबंधित 8791 मामलों में से 277 प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी समझौते से निस्तारण कर 5.07 करोड़ रुपये से अधिक का सेटलमेंट किया गया, इस प्रकार पूरे जनपद में कुल 2,30,881 मामलों का निपटारा कर 6.81 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का सेटलमेंट किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सौरभ कुमार वर्मा ने सभी न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, बैंक कर्मियों और कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# आप नेता फैसल खां लाला और जिलाध्यक्ष अंसार अहमद के नेतृत्व में रामपुर में आम आदमी पार्टी का जोरदार प्रदर्शन

## महंगाई और गैस दरों की बढ़ोतरी के खिलाफ सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला और जिला अध्यक्ष अंसार अहमद के नेतृत्व में आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती महंगाई और घरेलू एवं कमर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने लोहे के चूल्हे में उपले जलाकर रोटी पकाई और महंगाई के खिलाफ सख्त संदेश दिया। वहीं, पदाधिकारियों ने "मोदी मंत्र" के तहत बरेली गेट स्थित नाले में पाइप डालकर नाले के पानी से गैस का चूल्हा जलाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया, जो दर्शाता है कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पर कितना भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर में घ60 और कमर्शियल गैस सिलेंडर में घ120 की बढ़ोतरी आम जनता और छोटे व्यापारियों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रही है। उन्होंने बताया कि देशभर में होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट व्यवसायी बंद होने के कगार पर हैं। मुंबई में लगभग 20 प्रतिशत और तमिलनाडु में 10 हजार होटल-रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर हैं। जिला अध्यक्ष अंसार अहमद ने केंद्र सरकार से मांग की कि गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों को तत्काल वापस लिया जाए और पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस और पारदर्शी नीति लागू की जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के जिला व शहर पदाधिकारी और सभासद मौजूद रहे। प्रमुख उपस्थित सदस्यों में शामिल हैं:



यासीन उर्फ गुड्डू खां, सरफराज गुड्डू, आरिफ सिकंदर राजू, मौ० आसिफ, वकील अहमद, मौ० तारिक, शारिक परवेज, मौ० वकील, अब्दुल अय्यूब, फैजान सैफी, वकील हैदराबादी, नियाज अहमद, बशीर अहमद, इकबाल हुसैन, इमरान, शिराज अहमद, मुन्ने अली, मोहम्मद सलीम, सलीम अहमद, एजाज अहमद, पूर्व प्रधान रईस उद्दीन, इकरार अहमद, जावेद हबीब, फायजा बी, महबूब जहां, समीना बी, शाहीन बी, शहनाज मालिक, मैसरा मुख्तार, राशिद अली, नजम खां, फैज खां, जुबैर मियां, आमिर खां, नासिर हुसैन, शिराज जमील खां, वासिफ खां, अब्दुल समद, उवैज खां, एहतेशाम खान, तालिब खान, मामून खां, आशु अंसार, मो. हसिन अली खां, माजिद अली खां, नासिर हुसैन, शिराज जमील खां, आरिश खां, रय्यान खां, वासिफ खां, माजिद खां, सफी खां, मकसूद खां, अरहम खां, आलमगीर, अल्तमश, अलमास ऋषि पाल, मुकेश यादव, भीम सिंह, इंद्रमणि, महेश सैनी। आप के जिला प्रवक्ता रय्यान अली खां ने कहा कि वह सड़क से लेकर सदन तक बढ़ती महंगाई और जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी।

# टेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में रोष, पोस्टकार्ड अभियान के जरिए उठाई आवाज

## टेट कानून से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत देने की मांग, शिक्षक संगठनों ने सरकार से पुनर्विचार की अपील की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) की अनिवार्यता को लेकर TET कानून लागू होने से पहले नियुक्त सेवारत शिक्षकों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में अखिल भारतीय संयुक्त महासंघ द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुर में शिक्षकों ने पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की और केंद्र व राज्य सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की।



शिक्षकों का कहना है कि 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से प्रदेश में बड़ी संख्या में सेवारत शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। नए नियम के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों के लिए न्ज्न्ज् उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन शिक्षकों की सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक शेष है, उन्हें अगले दो वर्षों के भीतर यह परीक्षा पास करनी होगी। यदि निर्धारित समय सीमा में परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की जाती है तो उन्हें अनिवार्य सेवा. निवृत्ति या सेवा से बर्खास्तगी का सामना करना पड़ सकता है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि यह नियम उन शिक्षकों के साथ अन्याय है जिनकी नियुक्ति 2011 में ज्न्ज् लागू होने से पहले के नियमों के आधार पर हुई थी। उनका कहना है कि वर्षों का अनुभव और सेवा को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। इस नियम से प्रदेश के लगभग 1.86 लाख से 2 लाख शिक्षक सीधे प्रभावित हो रहे हैं, जिससे उनमें असुरक्षा और मानसिक तनाव की स्थिति बनी हुई है।

शिक्षकों ने यह भी कहा कि नए प्रावधान के अनुसार अब केवल वही शिक्षक पदोन्नति के पात्र होंगे जिन्होंने ज्न्ज् परीक्षा पास की है। जिन वरिष्ठ शिक्षकों की सेवा 5 वर्ष से कम शेष है, उन्हें नौकरी से तो नहीं निकाला जाएगा, लेकिन बिना TET पास किए उन्हें पदोन्नति का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसी विषय को लेकर एससी/एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन, रामपुर के जिला अध्यक्ष राम बहादुर गौतम के नेतृत्व में शिक्षकों ने माननीय प्रधानमंत्री, महामहिम राष्ट्रपति, लोकसभा के नेता विपक्ष, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश तथा विधानसभा के नेता विपक्ष को पोस्टकार्ड भेजकर अपनी मांगों से अवगत कराया और पुराने शिक्षकों को इस अनिवार्यता से राहत देने की अपील की। इस अवसर पर धर्मवीर सिंह, सुशील कुमार सक्सेना, सौरभ अग्रवाल, इकलास मसीह, वीर सिंह (जिला संरक्षक), नाजिमा बी, शमा परवीन, होरीलाल, आकाश गुप्ता, अमित कुमार रवि, नसीम अहमद, कृष्णा कुमारी, हरीश कुमार गौतम (।त्द सैदनगर), जितेंद्र सिंह, राजा राम, राहुल गौतम, मनीषा सक्सेना, प्रतिमा रावत, गीजाला परवीन, नुजहत, आशु अरोरा, जितेंद्र सिंह, मोहित, सुखबीर, जबर सिंह, शशि बाला, जयपाल सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने मांग की कि सरकार उनके लंबे अनुभव और सेवा को ध्यान में रखते हुए ज्न्ज् की अनिवार्यता के नियम में संशोधन कर पुराने शिक्षकों को राहत प्रदान करे, ताकि उनकी नौकरी और सम्मान सुरक्षित रह सके।

# रामपुर में नया बांध निर्माण की मांग, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुरः** आज दोपहर 12:00 बजे, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने माननीय मुख्यमंत्री को ऑनलाइन ज्ञापन भेजकर अटरिया मोड़ से रेलवे क्रॉसिंग तक मुख्य सड़क से लगभग एक किलोमीटर दूर नए बांध के निर्माण की अति आवश्यक मांग रखी। ज्ञापन में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा नया बांध न बनाए जाने के कारण घाटमपुर ग्राम की जनता और यहां के महत्वपूर्ण स्थल जैसे मंदिर, श्मशान घाट, स्वर्ग धाम, कोसी मंदिर, रामल. ीला ग्राउंड, सरस्वती इंटर कॉलेज, तमाम बैंक हॉल, चंपा कुमारी वेंकट हॉल, धर्मशाला, श्री हरि इंटर कॉलेज, तमाम अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, व्यापारी प्रतिष्ठान और न्यू बाईपास रोड गांधी समाधि की विक. सित आबादी गंभीर समस्याओं का सामना कर रही है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में बाढ़ की संभावना और जनजीवन पर इसका प्रभाव देखते हुए, नए बांध का निर्माण रामपुर के विकास, शहर की प्रगति और विस्तारीकरण के लिए अति आवश्यक है। यह पूरे जनपद की जनता और व्यापारी समाज की प्रबल मांग है। ज्ञापन भेजने के अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से शामिल थे: जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, दिलशाद हुसैन, संकेत अग्रवाल, नवाब साहब, रफी खान, संदीप अग्रवाल ने अधिकारियों से नए बांध के निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने की अपील की, ताकि घाटमपुर समेत आसपास के क्षेत्रों की जनता और व्यापारी समाज को बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिल सके।




# रामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य शुभारंभ

## माननीय जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

**--एक ही दिन में 1,96,526 मामले निस्तारित**

**--न्यायालयों ने छोटे और बड़े वादों का समाधान कर आम जनता को दी राहत**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में अशोक कुमार यादव (पीठासीन अधिकारी, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल), अरविन्द कुमार (प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय), अजय कुमार दीक्षित (प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत), संदीप सिंह (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / अपर सिविल जज प्रवर वर्ग), श्रीमती सुमिता (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) सहित अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न न्यायालयों ने कुल 1,96,526 मामलों का निस्तारण किया, जिसमें फौजदारी, सिविल, मोटर एक्सीडेंट और परिवार न्यायालय के वाद शामिल हैं। प्रमुख निस्तारण में अरविन्द कुमार द्वारा 89 वाद, अशोक कुमार यादव द्वारा 41 मोटर एक्सीडेंट वाद निस्तारित कर मृतक और घायल आश्रितों को 3,71,330 रुपये वितरित किए गए। श्रीमती सुमिता ने 3385 वाद निस्तारित कर 6,15,450 रुपये अर्थदंड के रूप में प्राप्त किए। अजय कुमार दीक्षित, डा. विजय कुमार, सुश्री छवि अस्थाना, अशोक कुमार सिंह, और शोभित बंसल ने भी वादों का निस्तारण कर कुल विभिन्न रूप में लाखों रुपये अर्थदंड वसूले।

विभिन्न विभागों जैसे क्लैक्ट्रेट न्यायालय, आबकारी विभाग, श्रम विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, उपभोक्ता फोरम, कृषि विभाग, जिला पंचायत, जिला पूर्ति, महिला कल्याण, चिकित्सा विभाग, नगर निकाय, जिला ग्रामोद्योग और पुलिस विभाग से कुल 88,202 मामले और 7511 पारिवारिक व दीवानी प्री-लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए। समस्त बैंकों और फाइनेंस कंपनियों से जुड़े 802 वादों का निस्तारण कर 1,11,71,814 रुपये की वसूली हुई। इस प्रकार इस भव्य आयोजन में कुल 1,96,526 मामलों का निस्तारण कर आम जनता को न्याय और वित्तीय राहत प्रदान की गई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एक सौ पच्चीस वैवाहिक मामलों का समाधान, दस जोड़े हुए पुनः साथ रहने को तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में जिला न्याय परिसर रामपुर में आज शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान न्यायाधीश अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस अदालत में कुल एक सौ पच्चीस सीआरपीसी व अन्य धाराओं के इकहत्तर मामलों का निस्तारण किया गया। दस जोड़ों ने तलाक से पहले पुनः साथ रहने का निर्णय लिया अदालत में दस ऐसे मामले सामने आए, जिनमें वैवाहिक जीवन टूटने के कगार पर था। प्रधान न्यायाधीश अरविंद कुमार के अथक प्रयासों और समझाने के बाद सभी दस जोड़े फिर से साथ रहने को तैयार हो गए।



शादी के कुछ दिनों तक जीवन सामान्य रूप से चलता रहा, लेकिन समय बीतते-बीतते गलतफहमी के चलते सभी अलग-अलग हो गए और कुछ मामलों में नोबत तलाक तक की स्थिति आ गई थी। अदालत में दायर अर्जियों पर प्रधान न्यायाधीश ने जोड़ों से बातचीत कर उन्हें पुनः एक-दूसरे के साथ रहने के लिए राजी किया।


फूल माला पहनाकर समझौता कराया गया जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में अदालत ने जोड़ों द्वारा एक-दूसरे को फूल माला पहनाकर समझौता कराया और पुनः वैवाहिक जीवन को संजोने का संदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे समाधान न केवल कानूनी बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की लोक अदालतें परिवारों के आपसी मतभेद को सुलझाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

# भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

## डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी विद्यासागर मिश्र ने केंद्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) भर्ती परीक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था तथा परीक्षा संच. ालन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराई गई। जिला प्रशासन की ओर से अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई, जिससे परीक्षार्थियों को बिना किसी असुविधा के परीक्षा देने का अवसर मिल सके।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि भर्ती परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके।

# डीआईजी मुनिराज ने SI भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मुरादाबाद रेंज के डीआईजी मुनिराज ने शनिवार को रामपुर पहुंचकर उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीआईजी मुनिराज ने सबसे पहले आश्रम पद्धति विद्यालय पहुंचकर परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों की जांच प्रक्रिया और तैनात पुलिस बल की ड्यूटी का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का भी दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा हर हाल में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता के साथ करें। इसके बाद डीआईजी मुनिराज ने रामपुर पुलिस कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की स्थिति की जानकारी ली तथा कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से विभिन्न परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस तैनाती का अवलोकन किया। इस दौरान थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर ओंकार सिंह भी मौजूद रहे। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सभी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के बाद डीआईजी मुनिराज रामपुर से मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए। प्रशासन और पुलिस की कड़ी निगरानी में जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा रही है।



# रामपुर में डीएम-एसपी ने एस आई भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, निष्पक्षता के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के दौरान शनिवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों, सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षार्थियों की जांच प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और परीक्षा पूरी पारदर्शिता व शांतिपूर्ण वातावरण में कराई जाए।

पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों के आसपास तैनात पुलिस बल की ड्यूटी का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया प्रभावित न हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए। प्रशासन की सतत निगरानी में जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कराई जा रही है।



# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर गंभीर घायल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल। शाहबाद सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर,मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के मड़ैयान गौर निवासी तौफीक किसी जरूरी काम से रामपुर गए हुए थे, वापस लौटते समय रास्ते में रामगंगा पुल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तौफीक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनको इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# थाना समाधान दिवस में आई दो शिकायते, एक का मौके पर ही निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद कोतवाली पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कोतवाल प्रदीप कुमार ने लोगो की जनसमस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान थाना समाधान दिवस में कुल 2 शिकायती पत्र आए जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायत को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान हेड मोहर्रिर दिलशाद खां समेत राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे।



# शाहबाद गेस्ट हाउस में भाकियू टिकैत की पंचायत का आयोजन

## युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ने,किसानों की अनेक समस्याओं पर चर्चा की

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं की पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता भाकियू टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव और ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव ने की। किसानों की पंचायत में क्षेत्रभर के किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्र में बढ़ रहे आवारा पशुओं और बंदरों को पकड़वाने की मांग की गई वही जिले में गेहूं खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग भी की गई।



पंचायत में प्रमुख सचिव चौधरी सुनील कुमार, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, युवा जिला सचिव विकास यादव, गुफरान सिंह, लालाराम यादव, किशनलाल दिवाकर, शंकर सिंह लोधी, प्रेम सिंह सागर, नवल किशोर, बन्नू सिंह, सोनू यादव, पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, मोनू सिंह, राहुल आदि रहे।

# कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुई सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा, 1607 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

## जिले के सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न: एएसपी अनुराग सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिले में सब इंस्पेक्टर भर्ती की लिखित परीक्षा शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासनिक निगरानी और पुलिस व्यवस्था के बीच जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। इस भर्ती परीक्षा में कुल 2640 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, लेकिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 1607 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि 1033 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। पहली पाली में 859 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में 748 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी।

परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हर केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सघन जांच से गुजरना पड़ा, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना समाप्त हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि जिले के सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण





माहौल में संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। उन्होंने यह भी बताया कि भर्ती परीक्षा का अंतिम चरण रविवार को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा रविवार को भी परीक्षा दो पालियों में सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जाएगी।

# बिजारखाता की मस्जिद बिलाल में कुराने पाक हुआ मुकम्मल मुल्क व मिल्लत के लिए मांगी दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बिजारखाता की बिलाल मस्जिद में चौबीस वी तरावीह मे सनीवार की रात कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई इस मौके पर मस्जिद को सजाया गया और कुराने पाक की तिलावत करने वाले हाफिज को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।मस्जिद मे एक जलसा मुनअकद किया गया इस दौरान उलेमा ने लोगों को कुरान व रमजान का महत्व समझाया और कहा कि यह महीना बरकतों से लबरेज है और गुनाहों से तौबा करने का महीना है बिजारखाता की मस्जिद बिलाल में सनीवार कीशाम नमाज ए तरावीह में कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। नमाज तरावीह के दौरान कुराने पाक की तिलावत कारी नोमान ने की जबकि सामा के फराइज मोहम्मद अब्बास ने पूरे किए। मस्जिद कमेटी ने कुरान हाफिजो को उपहार भेंट किए। इस दौरान ओलमाओ ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है अल्लाह ताला अपने बंदों को बरकतों से नवाजता है। और इस महीने में अल्लाह ताला रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देता है यह महीना कुरआन की तिलावत करने का महीना इस महीने मे ज्यादा से ज्यादा कुरआन की तिलावत करनी चाहिए रमजान का महीना तोबा और गुनाहों से बचने का है सभी को रोजा और नमाज और कुरआन की तिलावत की पाबंदी कर गुनाहों से तोबा करनी चाहिए जलसे की सदारत मौलाना अली अहमद ने की मौलाना रहीस ने मुल्क व मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई। इस दौरान मोहम्मद इरफान, मौलाना मोहम्मद अनीस कासमी, मौलाना रहीस अहमद, मस्जिद बिलाल के इमाम इदरीस अहमद अंसारी कारी मोहम्मद उमर, हाफिज इमरान, हाजी अख्तर अली सहित काफी तदाद मे लोग मौजूद रहे-

# जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर खड़े अनाधिकृत वाहन हटवाए, मरीजों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

------

**रामपुर।** जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर अव्यवस्थित तरीके से खड़े किए जा रहे वाहनों को हटाकर व्यवस्था दुरुस्त की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. ब्रजेश चंद्र सक्सेना के निर्देश पर अस्पताल परिसर में गलत तरीके से खड़े वाहनों को हटवाया गया, जिससे अस्पताल गेट पर बनी अव्यवस्था समाप्त हुई और मरीजों को आवागमन में राहत मिली। बताया गया कि ओपीडी की दूसरी मंजिल के पास कई लोग अपने वाहन खड़े कर देते थे, जिससे मरीजों और तीमारदारों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए सीएमएस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी अनाधिकृत वाहनों को हटवा दिया।

इसके साथ ही पहले की तरह दोनों दिशाओं में लोहे की चेन भी लगवा दी गई है, ताकि भविष्य में कोई वाहन ऊपर न चढ़ सके। सीएमएस डॉ. ब्रजेश चंद्र सक्सेना ने बताया कि अस्पताल में वाहनों की पार्किंग के लिए पुलिस चौकी के सामने स्थान निर्धारित किया गया है। इसके अलावा अस्पताल के पार्क में भी पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि अस्पताल परिसर में इधर-उधर वाहन खड़ा न करें और निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करें, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# मिलक के सिहारी गांव में पागल कुत्ते का आतंक, 11 वर्षीय छात्र पर हमला, ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (मिलक)।** तहसील मिलक क्षेत्र के सिहारी गांव में शनिवार शाम एक पागल कुत्ते ने 11 वर्षीय छात्र पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सिहारी गांव निवासी नासिम का 11 वर्षीय पुत्र कासिम शनिवार शाम करीब 5 बजे अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक पागल कुत्ता अचानक उस पर झपट पड़ा और जमीन पर गिराकर कई जगह काट लिया। कुत्ते के हमले से बच्चा लहूलुहान हो गया और जोर-जोर से चीखने लगा।

बच्चे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्ते को भगाकर कासिम को बचाया। इसके बाद परिजन घायल बच्चे को तुरंत मिलक के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है।

घायल छात्र कासिम झबरुआ गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा चार का छात्र है। उसने बताया कि यही कुत्ता इससे पहले भी गांव के कई लोगों पर हमला कर चुका है। ग्रामीणों के अनुसार अब तक पांच लोगों को यह कुत्ता काट चुका है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवारा और पागल कुत्तों की समस्या की जानकारी होने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। डर के कारण लोग अपने बच्चों को घर से बाहर भेजने से घबराने लगे हैं और शाम के समय ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर पहरा देने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पागल कुत्ते को पकड़वाया जाए, ताकि गांव के लोगों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# रामपुर में युवक का संदिग्ध शव मिलने से हड़कंप, गले पर चोट के निशान से हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद के सैदनगर चौकी क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के गले पर चोट के निशान पाए जाने के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात करीब 12 बजे सैदनगर क्षेत्र में एक युवक का शव पड़ा मिला। शव के पास ही उसकी बाइक भी खड़ी मिली, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान गांव अहमदाबाद निवासी कलुआ के रूप में की।

परिजनों के अनुसार मृतक सैदनगर में सिलाई की दुकान चलाता था और उसके परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना टांडा प्रभारी संदीप मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई।

# अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह बोले सभी तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिले के सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की दोनों पालियां शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुईं। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि परीक्षा को पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से कराने के लिए पुलिस व प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि पहली पाली में 859 और दूसरी पाली में 748 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने यह भी कहा कि भर्ती परीक्षा का अंतिम चरण रविवार को आयोजित किया जाएगा,



जिसके लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा सुरक्षा व्यवस्था पहले की तरह सख्त रखी जाएगी।

# ग्राम जूठियां की मस्जिद अल-हुदा में मुकम्मल हुआ कलामे पाक, दुआओं के साथ हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम पंचायत जूठियां स्थित मस्जिद अल-हुदा में कलामे पाक मुकम्मल होने पर धार्मिक माहौल में खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर मस्जिद में कुरान शरीफ मुकम्मल करने वाले हाफिज फैजान अली और सुनने वाले हाफिज सलीम का गांव के जिम्मेदार लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने अल्लाह से पूरे मुल्क और दुनिया में अमन-चौन, खुशहाली और भाईचारे के लिए सामूहिक दुआ भी की। इस अवसर पर मस्जिद में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और सभी ने इस नेक मौके पर अपनी खुशियां साझा कीं। इस कार्यक्रम में रालोद प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू, जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी वार्ड नंबर 19 मारूफ अली, रालोद क्षेत्रीय महासचिव महबूब अली, मौलवी आरिफ, मौलाना ताज मोहम्मद, रईस काजी सहित ग्राम पंचायत के अनेक सम्मानित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौलाना फैजान साहब के वालिद मोहम्मद अहमद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने इस मौके पर सभी का शुक्रिया अदा किया। धार्मिक माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।



# बिलासपुर सीएचसी का कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (बिलासपुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलासपुर में शनिवार को कायाकल्प योजना के तहत निरीक्षण टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं और सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। टीम ने डॉक्टरों, स्टाफ और मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के बाद विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। निरीक्षण टीम में अमरोहा जिला चिकित्सालय के ईएमओ डॉ. मोहम्मद इकबाल और संभल के जिला मातृ स्वास्थ्य सलाहकार मोहम्मद याकूब अली शामिल रहे। टीम ने ओपीडी कक्षों, महिला और पुरुष वार्ड,





आपातकालीन वार्ड तथा ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही दवा वितरण प्रणाली, लैब और अन्य विभागों की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों और कर्मचारियों के टीमवर्क की सराहना की। साथ ही कुछ छोटी-मोटी कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें जल्द दुरुस्त करने के सुझाव भी दिए। इस दौरान चिकित्साधीक्षक डॉ. एएच अंसारी, डॉ. मणिक अग्रवाल, डॉ. गौरव मित्रा, फार्मासिस्ट सुभाष शर्मा, विनोद गौतम, रोहित शर्मा सहित अन्य डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में टेलर की मौत, परिजनों में कोहराम

## पुलिस बोली हादसा, परिजन लगा रहे हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** टांडा थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक टेलर की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां पुलिस इस मामले को सड़क हादसा बता रही है, वहीं परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मामला टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदाबाद का है। यहां के निवासी कुंवर पाल उर्फ कलुआ सैदनगर में सिलाई की दुकान चलाते थे और रोजाना बाइक से दुकान आते-जाते थे। शुक्रवार को भी वह दुकान पर आए थे। देर शाम उनकी पत्नी ने फोन कर घर आने के लिए कहा तो उन्होंने कुछ देर में पहुंचने की बात कही। काफी देर तक घर न पहुंचने पर पत्नी ने दोबारा फोन किया तो फोन पुलिसकर्मी ने उठाया और बताया कि लालपुर मोड़ के पास कलुआ का शव पड़ा हुआ है। आशंका है कि सड़क हादसे में उनकी



### जिला अस्पताल पहुंचे अब्दुल्ला पाशा, जताया अफसोस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिला पंचायत सदस्य पद के बार्ड पंद्रह के प्रत्याशी अब्दुल्ला पाशा भी घटना की जानकारी मिलने पर जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुख जताया और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

मौत हुई है। यह सूचना मिलते ही परिजनों के होश उड़ गए और वह रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए।

परिजनों का आरोप है कि यह सड़क हादसा नहीं बल्कि हत्या का मामला है। मृतक के चचेरे भाई विक्की ने बताया कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर उनकी बाइक स्टैंड पर खड़ी थी और उनके मुंह व गले पर चोट के निशान भी थे, जिससे हत्या की आशंका जाहिर होती है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। खबर लिखे जाने तक टांडा थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# जेल में आजम से मुलाकात के बाद बोले सपा नेता यूसुफ मालिक

## आजम खां का संदेश ईद पर काले कपड़े पहनकर करें विरोध

**रामपुर।** जिला जेल में बंद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां ने ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय से विरोध दर्ज कराने की अपील की है। बताया जा रहा है कि उन्होंने सुन्नी मुसलमानों से ईद के दिन काले कपड़े पहनने या काली पट्टी बांधकर विरोध जताने का आह्वान किया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सागौन से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ीं, 180 क्विंटल लकड़ी सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

-------------

रामपुर/स्वार। वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए सागौन की अवैध लकड़ी से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़कर सीज कर दीं। बरामद लकड़ी का वजन करीब 180 क्विंटल बताया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी रमाकांत सक्सेना ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर केलाखेड़ा मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान सागौन की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक भागने की कोशिश करने लगा। घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया गया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि एक ट्रॉली स्वार की लकड़ी मंडी से पकड़ी गई। पहली ट्रॉली से करीब 150 क्विंटल और दूसरी से लगभग 30 क्विंटल सागौन की लकड़ी बरामद हुई। दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पीपली वन रेंज कार्यालय लाकर सीज कर दिया गया है। वन विभाग के अनुसार मामले में विभागीय कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि लकड़ी किसकी है और इसे कहां से लाया जा रहा था।

# शिक्षा, शोध और प्लेसमेंट में लगातार आगे बढ़ता जीएलए विश्वविद्यालय-80 से अधिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान करने वाला जीएलए पेशेवर व सर्वांगीण विकास का वादा करता





**मथुरा।** 22 हजार से अधिक छात्रों के सपनों को साकार करने में जुटा जीएलए विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग, फार्मास्युटिकल विज्ञान, शिक्षा, कानूनी अध्ययन, कृषि, मानविकी, वाणिज्य और जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न विषयों में डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेटस्तर पर शिक्षा प्रदान करता है।

साथ ही विश्वविद्यालय के करीब 46 हजार से अधिक के अल्यूमिनाई जीएलए का गौरव हैं।700 से अधिक योग्य और अनुभवी संकाय सदस्य और एक हजार से अधिक स्टाफ सदस्य विश्वविद्यालय के लिए अकादमिक और कॉर्पोरेट भारत के प्रसिद्ध विशेषज्ञों के साथ-साथ सही शिक्षण वातावरण बनाने के लिए पूर्णकालिक सेवा में जुटे हैं। 1998 में 17 संकाय सदस्यों से लेकर अब 700 से अधिक संकाय सदस्यों और 80 से अधिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान करने वाला जीएलए पेशेवर और सर्वांगीण विकास का वादा करता है। पेशेवर उत्कृष्टता और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक, विश्वविद्यालय उत्तरी भारत में अकादमिक खोज का एक प्रसिद्ध केंद्र है और इसने अपने सभी हितधारकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में अपनी शैक्षिक यात्रा में कई मानक स्थापित किए हैं। जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार से अनुमति पत्र (एलओपी) और ग्रेटर नोएडा में एक ऑफ कैंपस के लिए यूजीसी की मंजूरी प्राप्त करने वाला भारत का पहला निजी विश्वविद्यालय बन गया है।

दिल्ली/एनसीआर के शिक्षा केंद्र, नॉलेज पार्क में स्थित, ग्रेटर नोएडा परिसर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट प्लेसमेंट के लिए वही समर्पण प्रदान करने के लिए तैयार है जिसके लिए जीएलए विश्वविद्यालय प्रसिद्ध है।जीएलए ऑनलाइनः जीएलए विश्वविद्यालय में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) बीबीए, बीसीए, बी. कॉम, एमबीए और एमसीए जैसे यूजीसी मान्यता प्राप्त ६ हकदार ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है।

सेंट्रल लाइब्रेरीः जीएलए यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी सिस्टम में 15 लाइब्रेरी नेटवर्क शामिल हैं, यानी सेंट्रल लाइब्रेरी, ग्रेटर नोएडा कैंपस लाइब्रेरी, इंस्टीट्यूट लाइब्रेरी, डिपार्टमेंटल लाइब्रेरी और हॉस्टल लाइब्रेरी जो सामूहिक रूप से यूनिवर्सिटी के शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार कार्यक्रमों का समर्थन करते हैं। वर्तमान में, पुस्तकालयों में दो लाख से अधिक मुद्रित पुस्तकें और 32 पत्रिकाएं, 1071 ई-जर्नल, विश्वकोश, 9 हजार 850 सीडी और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई ऑनलाइन डेटाबेस हैं।

संक्षिप्त खेला समाचार

## आर्यना सबालेंका व रायबाकिना में होगा खिताबी मैच

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना रविवार को इंडियन वेल्स में चार महीने से ज्यादा समय में तीसरी बार फाइनल में आमने-सामने होंगी। बीबीसी स्पोर्ट के मुताबिक, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने चेक गणराज्य की लिडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से आसानी से हराया, जबकि रायबाकिना ने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। मैं यहां कुछ फाइनल हार चुकी हूं, इसलिए मैं पक्का करूंगी कि रविवार को मैं पूरी तरह तैयार रहूं। मैं अपना बेस्ट टेनिस खेलूंगी और यह साल इसी के लिए है। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी रायबाकिना ने फाइनल में अपने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, सबसे हाल ही में नवम्बर में डब्ल्यूटीए फाइनल और जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैं जितना हो सके उतना लड़ने जा रही हूं।

## नोएडा में एसआरसीए चेस कार्निवल का आयोजन

**नोएडा, वार्ता।** शतरंज प्रेमियों और उभरते हुए युवा खिलाड़ियों के लिए विभिन्न आयु वर्ग में रविवार को एसआरसीए चेस कार्निवल आयोजन किया जाएगा। कैंडर टेकस्पेस नोएडा सेक्टर 62 स्थित बिज सेंट्रल में रियल एस्टेट कंपनी ब्रूकफील्ड प्रॉपर्टीज द्वारा इस एक दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट में रैपिड (25 5) और ब्लिट्ज (3 2) प्रारुप में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और ओपन श्रेणियां शामिल है।

प्रतियोगिता के लिए अब तक 100 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

# द्रविड़, बिन्नी व मिताली को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार









● **बीसीसीआई ने 'नमन पुरस्कारों 'की घोषणा की, इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय व घरेलू क्रिकेट मे उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्रिकेटरों को सम्मानित किया जाएगा**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट में बेहतरीन योगदान देने वाले रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को रविवार को 'नमन पुरस्कारों' के तहत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। बीसीसीआईआई ने आज 'नमन पुरस्कारों' की घोषणा की। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्रिकेटरों को सम्मानित किया जाएगा। बिन्नी ने 27 टेस्ट और 72 एकदिवसीय मैच खेले हैं। वे 1983 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और उस टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट के भविष्य को बदलने वाला साबित हुआ था। वे 1985 में 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट' जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। बाद में उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के कोच के तौर पर भी काम किया, जिसने साल 2000 में विश्व कप जीता था। इसके बाद वे राष्ट्रीय पुरुष टीम के चयनकर्ता भी बने। उन्होंने बीसीसीआई के अध्यक्ष के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी हैं। द्रविड़ ने अपने शानदार करियर में कुल 509 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 24 हजार से अधिक रन बनाए और 400 से अधिक कैच लपके। उनकी कप्तानी में भारत ने साल 2007 में इंग्लैंड में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती थी। बाद में उन्होंने पुरुष अंडर-19 टीम, 'इंडिया ए' और राष्ट्रीय पुरुष टीम के कोच के तौर पर भी काम किया। राष्ट्रीय पुरुष टीम ने साल 2024 में टी-20 विश्व कप जीता था। मिताली राज ने भारत के लिए सभी प्रारुपों में कुल 333 मैच खेले हैं। वे दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बनीं, जिन्होंने 10 हजार से अधिक रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम दो बार विश्वकप के फाइनल तक पहुंची थी। इस दौरान भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को 'पॉली उमरीगर क्रिकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड भी कहा जाता है। वहीं, महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर का सम्मान मिलेगा।

विजेताओं की पूरी सूची इस प्रकार है :-

पॉली उमरीगर अवॉर्ड: 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) शुभमन गिल। 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) मंधाना। वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक विकेट 2024-25 (महिला) दीप्ति वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी 2024-25 (महिला) मंधाना। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू (महिला) एन श्री चरणी। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू (पुरुष) हर्षित। 2024-25 के बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन - मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन। 2023-24 में घरेलू क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ अंपायर - उल्हास गांधे। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - हर्ष (विदर्भ)। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - सुचित जे (नागालैंड)। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यश राठौड़ (विदर्भ)। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 में रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - स्नेहल कौथंकर (गोवा)। घरेलू सीमित ओवर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - आयुष म्हात्रे (मुंबई)।

रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - हर्ष दुबे (विदर्भ)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (जूनियर डोमेस्टिक) - इरा जाधव (मुंबई)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (सीनियर डोमेस्टिक) (सीनियर महिला वनडे) - शैफाली वर्मा। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर 16) विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यशबर्धन सिंह चौहान आदि।

# केकेआर से आईपीएल अनुंबध मिलने के बाद मुजारबानी ने पीसीएल छोड़ा

● **विंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को रिलीज के बाद केकेआर ने ब्लेसिग मुजारबानी को जोड़ लिया**





**कोलकाता, वार्ता।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिग मुजारबानी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का अनुबंध मिल गया है और वह अब पीएसएल 2026 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए नहीं खेलेंगे। मुजारबानी ने इस बारे में यूनाइटेड को जानकारी दे दी है।

पिछले साल दिसम्बर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के लिए कहा था, जिन्हें उन्होंने नीलामी में 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा था।

केकेआर ने मुजारबानी को अपने साथ जोड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं मुस्तफिजुर को लाहौर कलंदर्स ने 26 मार्च से शुरू हो रहे आगामी पीसीएल सीजन के लिए अपने साथ जोड़ लिया है। मुजारबानी मुल्तान सुल्तांस के लिए खेलते हुए पीएसएल का खिताब जीत चुके हैं लेकिन 11 फरवरी को हुई पीएसएल के लिए नीलामी के दौरान उन्हें खरीदार नहीं मिला था।

हालांकि बाद में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को रिलीज किए जाने के बाद यूनाइटेड ने डायरेक्ट साइनिग के रूप में मुजारबानी को अपने साथ जोड़ लिया था।

# सात्विक-चिराग ने नाम वापस लिया

● **स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** चोटिल सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के पुरुष युगल मैच से नाम वापस लेने और तरुण मन्नेपल्ली के एकल मुकाबले में हार के साथ स्विस ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। पुरुष युगल की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने बेसल में खेले जा रहे बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट से शुक्रवार को अपना नाम वापस ले लिया। डेनमार्क के क्रिश्चियन कजायर और रासमस कजायर के खिलाफ मैच से पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने कंधे में दर्द की शिकायत के बाद यह फैसला लिया। इससे पहले गुरुवार को, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने तीन गेम के एक रोमांचक और लंबे मैच में जापान के हिरोकी ओकामूरा और क्योहेई यामाशिता को 21-15, 15-21, 28-26 से हराया था। यह मैच एक घंटा 14 मिनट तक चला था। उसी दिन बाद में, बैडमिंटन रैंकिंग में 43वें स्थान पर मौजूद तरुण मन्नेपल्ली, टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया के एंथनी गिटिग से 19-21, 21-19, 13-21 से हार गए। यह मैच एक घंटा छह मिनट तक चला था। 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने धीमी शुरुआत की और पहले गेम के बीच में 11-7 से पीछे चल रहे थे। ब्रेक के बाद, उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया, लेकिन फिर गिटिग ने लगातार चार पॉइंट बनाकर 16-12 की बढ़त बना ली और आखिर में भारतीय खिलाड़ी की देर से की गई कोशिश के बावजूद गेम जीत लिया। दूसरे गेम में मन्नेपल्ली ने जोरदार खेल दिखाया और 19-13 की बड़ी बढ़त बना ली। गिटिग ने लगातार छह पॉइंट बनाकर स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और मैच को निर्णायक गेम तक ले गए। हालांकि, तीसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा। गिटिग ने शुरुआत में ही मैच पर पकड़ बना ली और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली, इसके बाद उन्होंने मन्नेपल्ली को किसी भी मौके पर स्कोर बराबर करने का मौका नहीं दिया।





# क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने वैष्णव माता मंदिर में की पूजा



**जम्मू, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सफेद कुर्ता-पायजामा पहने हुए थे। वह शुक्रवार को मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना करने के लिए भवन पहुंचे। युवा बल्लेबाज ने मंदिर पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया और देश की खुशहाली एवं टीम की आगे की सफलता के लिए प्रार्थना की। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें इस क्रिकेटर को पैदल यात्रा करते हुए, बैटरी कार की सवारी करते हुए और गुफा मंदिर के रास्ते में अन्य श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए देखा गया।

**अभिषेक शर्मा ने मंदिर में पहुंचकर माता रानी का अशीर्वाद लिया**

# ग्रासरूट टैलेंट को मजबूत करने की जरूरत : खडसे

**कहा : स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट की अहम भूमिका सच में प्रेरण देने वाली**



**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा मामले और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने शुक्रवार को यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन की शुरुआत पर अपने दमदार और सोचने पर मजबूर करने वाले भाषण में कहा कि नॉन-क्रिकेट स्पोर्ट्स को उसकी सही जगह और पहचान देने और ग्रासरूट टैलेंट को मजबूत करने की जरूरत है।

दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा होस्ट किया गया चार दिन का कन्वेंशन शुक्रवार को शुरू हुआ, जो दो दशक से ज्यादा समय के बाद राष्ट्रीय राजधानी में इस प्रतिष्ठित सभा की वापसी को दिखाता है। मौजूद खेल पत्रकारों को संबोधित करते हुए, श्रीमती खडसे ने कहा कि स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट की अहम भूमिका सच में प्रेरणा देने वाली है।

जमीनी लेवल पर टैलेंट को बढ़ावा देने की जरूरत है। अपने काम से, आप स्पोर्ट्स को नई एनर्जी दे रहे हैं। जिस तरह से आप स्पोर्ट्स को कवर करते हैं, उससे लोगों को यह समझने में मदद मिलती है कि वे स्पोर्ट्स में कैसे आगे बढ़ सकते हैं और युवा पीढ़ी को इसमें हिस्सा लेने के लिए कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है। श्रीमती खडसे ने नॉन-क्रिकेट स्पोर्ट्स को जगह देने की जरूरत पर जोर दिया, साथ ही सरकारी पहलों, स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ावा देने और स्पोर्ट्स साइंस जैसे उभरते हुए फील्ड्स में करियर के रास्ते खोलने पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि डेमोक्रेसी के चौथे पिलर के तौर पर जर्नलिज्म, समाज की भलाई को आगे बढ़ाने में जरूरी है, और स्पोर्ट्स मीडिया भारत की सॉफ्ट पावर को दुनिया भर में दिखाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने इस फील्ड में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी की भी अपील की।

श्रीमती खडसे के अलावा, कन्वेंशन की ओपनिग सेरेमनी में स्पोर्ट्स सेक्रेटरी हरि रंजन राव और स्पोर्ट्स जर्नलिज्म से जुड़े सीनियर सदस्य शामिल हुए। सेरेमनी की शुरुआत पारंपरिक तरीके से दीप जलाने से हुई, जिसके बाद कन्वेंशन में खास लोगों और योगदान देने वालों को सम्मानित करने के लिए कई सम्मान समारोह हुए। डीएसजेए प्रेसिडेंट अभिषेक त्रिपाठी ने श्रीमती खडसे को सम्मानित किया, जबकि डीएसजेए सेक्रेटरी सबी हुसैन ने रंजन राव को सम्मानित किया। एसजेएफआई लीडरशिप - प्रेसिडेंट सरजू चक्रवर्ती और सेक्रेटरी वी रमेश-ने भी मुख्य मेहमानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बदले में, खडसे ने एसजेएफआई प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को सम्मानित किया, और फिर एसजेएफआई लीडरशिप के साथ मिलकर देश भर के जुड़े हुए स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को सम्मानित किया। सेरेमनी के दौरान जिंदल स्टील की कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस की एजीएम श्रीमती नवनीता दास को भी लोकसभा सांसद नवीन जिंदल की ओर से सम्मानित किया गया। शाम की एक खास बात जेके बोस इंटर-जोनल टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी और एसी बाली टेबल टेनिस ट्रॉफी का अनावरण था, जिससे कन्वेंशन के कॉम्पिटिटिव स्पोर्टिंग सेगमेंट की फॉर्मल शुरुआत हुई। जेके बोस इंटर-जोनल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का ड्रॉ भी निकाला गया। आखिरी भाषण देते हुए, डीएसजेए के प्रेसिडेंट त्रिपाठी ने डेलीगेट्स और खास लोगों का स्वागत किया और कहा कि जब हमें दिल्ली में एसजेएफआई कन्वेंशन बुलाने के लिए कहा गया, तो हम सोचते रहे कि 23 साल बाद इसे कैसे किया जाए और सभी को एक साथ कैसे लाया जाए। स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री से मिले सपोर्ट ने हमें कई मुश्किलों को पार करने और आगे बढ़ने में मदद की।

## केके आर ने किया बैंगनी व चमकीले सुनहरे डिजाइन वाली जर्सी का अनावरण

**कोलकाता, वार्ता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले लाइंस ऑफ लीगेसी 'विरासत की लकीर' की थीम पर डिजाइन की गई नई जर्सी का अनावरण किया है।

इस डिजाइन के केंद्र में वे निर्णायक पल हैं जिन्होंने पिछले कुछ सालों में केकेआर के सफर को आकार दिया है। 2008 की उस यादगार शुरुआती रात से लेकर, जब ब्रेंडन मैकुलम ने नाबाद 158 रन बनाए थे और रिकू सिंह के आखिरी ओवर में लगाए गए पांच छक्कों तक, केकेआर ने ऐसे कई पल दिए हैं जो आईपीएल के इतिहास का हिस्सा बन गए हैं।

जर्सी के अनावरण पर वेंकी मैसूर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स ने कहा कि लाइंस ऑफ लीगेसी केकेआर के गौरवशाली इतिहास के सार को समेटे हुए है और पिछले कुछ सालों में टीम के सफर का जश्न मनाती है। हर लकीर शानदार प्रदर्शन के एक अहम पल को दर्शाती है, जो उस ऊर्जा और भावना को दिखाती है जो मिलकर हमारी पहचान बनाती है। हमें इस विरासत पर गर्व है जिसे हमने बनाया है और हम इसे आने वाले सीजन में भी आगे ले जाना चाहते हैं, साथ ही अपने प्रशंसकों के लिए और भी यादगार पल बनाना चाहते हैं।

# भारत, इंग्लैंड ने महिला हॉकी वर्ल्ड कप का टिकट बुक किया



● **भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में इटली को हराया, जबकि इंग्लैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को हराया**

**हैदराबाद, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड ने शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड में हॉकी महिला वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में अपने-अपने सेमीफाइनल जीतकर महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया, जिससे टूर्नामेंट की दो अजेय टीमों के बीच खिताबी मुकाबला तय हो गया। इंग्लैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को 2-0 से हराया, जबकि भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराकर इस ग्लोबल शोपीस का टिकट बुक किया। दिन के दो क्लासिफिकेशन मैचों में वेल्स ने जबरदस्त वापसी करते हुए कोरिया को 2-1 से हराया और 5वें-6वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया, जबकि उरुग्वे ने ऑस्ट्रिया पर 3-0 की जबरदस्त जीत दर्ज करके उनका साथ दिया। हारे हुए सेमीफाइनलिस्ट स्कॉटलैंड और इटली अब तीसरे स्थान के लिए लड़ेंगे, जिससे वर्ल्ड कप क्वालिफकिशन भी पक्का हो जाएगा।

**भारत 1-0 इटली (दूसरा सेमीफाइनल)**

भारत ने शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में इटली पर 1-0 से जीत के साथ वर्ल्ड कप के लिए अपनी टिकट बुक की, जिससे इंग्लैंड के साथ टाइटल क्लैश तय हो गया। दोनों टीमें फाइनल तक पहुंचने के अपने रास्ते में बिना हारे रही हैं। भारत की 22 सर्कल एंट्री, नौ पेनल्टी कॉर्नर और टारगेट पर आठ शॉट से सिर्फ एक गोल हुआ, लेकिन आखिर में यही अंतर पैदा करने वाला साबित हुआ। भारतीय बैकलाइन ने कमजोर बढ़त को बचाने के लिए पूरी जान लगा दी, जबकि इटली की टीम ने काफी खतरा पैदा किया, लेकिन आखिर में कुछ खास नहीं कर पाई। गेम का इकलौता और सबसे जरूरी गोल 40वें मिनट में हुआ, जब मनीषा चौहान ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके इंडिया को आगे कर दिया। इटली आखिरी मिनटों में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी करने के करीब थी, लेकिन इंडिया की गोलकीपर बिचू देवी खतरे को भांप चुकी थीं। इटली के इस हार के बाद वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने के चांस अब तीसरे-चौथे स्थान के प्लेऑफ में स्कॉटलैंड पर जीत पर निर्भर हैं। इंडिया की डिफेंडर और 'प्लेयर ऑफ द मैच' सुशीला चानू ने कहा कि यह अवॉर्ड टीम के लिए है।हमने एक टीम के तौर पर, डिफेंस में भी अच्छा खेला। इटली ने भी अच्छा खेला। अब हम अपने (गेम ऑन) वीडियो को एनालाइज करेंगे और देखेंगे कि फाइनल से पहले हमें किन एरिया में सुधार करने की जरूरत है। इंग्लैंड 2- स्कॉटलैंड 0 (पहला सेमीफाइनल) इंग्लैंड ने पहले सेमी-फाइनल में पड़ोसी स्कॉटलैंड को 2-0 से हराकर फाइनल में एंट्री करके हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली।

इंग्लैंड अपनी लगातार चौथी जीत से जरूर खुश होगा, लेकिन जितने मौके उसने गंवाए, उससे नहीं। उनके अटैकिग इरादे स्टैटिस्टिक्स में दिखे, क्योंकि उन्होंने 26 सर्कल पेनिट्रेशन किए, लेकिन चार सेट-पीस में पेनल्टी कॉर्नर पर उनका सक्सेस रेट जीरो था। स्कॉटलैंड भी पेनल्टी कॉर्नर पर टारगेट पर नहीं था - छह को. शिशों में स्कोर नहीं कर पाया। 24 मिनट में कई बार स्कोर करने के करीब आने के बाद, इंग्लिश टीम ने अगले ही मिनट में टारगेट पाया जब लोटी बिगहैम ने सर्कल एंट्री को फर्निशिग टच दिया।

# ऋषभ के तूफानी शतक से उत्तर क्षेत्र जीता

● **ऋषभ सिंह के नाबाद 102 रन के तूफानी शतक की बदौलत एकतरफा अंदाज में पश्चिम क्षेत्र को रौंदा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज ऋषभ सिंह (नाबाद 102) के तूफानी शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को जेके बोस क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में शनिवार को रोशनारा क्लब मैदान में एकतरफा अंदाज में नौ विकेट से रौंद दिया।

पश्चिम क्षेत्र की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19-2 ओवरों में 133 रन पर सिमट गई। कप्तान संजू साम्याल ने सर्वाधिक 30 रन और तौस रिजवी ने 24 रन बनाए। उत्तर क्षेत्र की तरफ से विनय ने 20 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि शिवम दुबे और ललित कालीदास को दो-दो विकेट मिले। आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर क्षेत्र ने 11-1 ओवर में एक विकेट पर 137 रन बनाकर नौ विकेट से जीत हासिल की। उत्तर क्षेत्र ने तूफानी शुरुआत करते हुए चार ओवर में ही 50 रन ठोक डाले। उत्तर क्षेत्र के 100 रन 7.4 ओवरों में पूरे हुए। ऋषभ ने मात्र 43 गेंदों पर 18 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 102 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। आकाश रावल ने 25 गेंदों पर 29 रन बनाए। दिन के एक अन्य मैच में दक्षिण क्षेत्र ने पूर्व क्षेत्र को आठ विकेट से हरा दिया। पूर्व क्षेत्र की टीम 12-1 ओवर में मात्र 49 रन पर लुढक गई, जबकि दक्षिण क्षेत्र ने 4-4 ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आसान जीत हासिल की।

## ऑस्ट्रिया ने शूटआउट में दक्षिण कोरिया को हराकर सातवां स्थान हासिल किया

**हैदराबाद, वार्ता।** ऑस्ट्रिया ने शनिवार को एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 में दक्षिण कोरिया को शूटआउट में हराकर सातवां स्थान हासिल किया।

यहां जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबॉवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में ऑस्ट्रिया ने सातवें और आठवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में दक्षिण कोरिया पर 1-1 से ड्रा के बाद शूटआउट में (2-1) से जीत के साथ सातवां स्थान हासिल किया।

ऑस्ट्रिया के लिए क्रिस्टीन वुकोविच ने (तीसरे) मिनट में गोल किया, जबकि कप्तान ली यूरी ने (31वें) मिनट में दक्षिण कोरिया को बराबरी पर ला दिया। शूटआउट में दोनों गोलकीपरों का प्रदर्शन असाधारण रहा, लेकिन यह माइकला स्ट्रेब थीं जिन्होंने ऑस्ट्रिया की जीत सुनिश्चित की, और कार्ला केम्पर ने अपनी टीम के लिए विजई गोल किया।

# ईरान के 'ताज का नगीना' है खार्ग द्वीप

## ट्रम्प के बमबारी का दावा करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केन्द्र बना द्वीप

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर बमबारी का दावा करने के बाद यह द्वीप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केन्द्र बन गया है।

ट्रम्प ने ईरान की सेना से हथियार डालने और 'अपने देश का जो कुछ बचा है उसे बचाने' की चेतावनी भी दी है। फारस की खाड़ी के उत्तरी भाग में ईरान के दक्षिणी तट के पास बुशेहर के निकट स्थित खार्ग द्वीप ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केन्द्र के रूप में अत्यंत रणनीतिक महत्व रखता है। इसे देश की आर्थिक तथा सैन्य शक्ति का अहम आधार माना जाता है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार यह द्वीप वैश्विक बाजारों में ईरान के कच्चे तेल के निर्यात का मुख्य द्वार है। विभिन्न तटीय और समुद्री तेल क्षेत्रों से पाइपलाइनों के माध्यम से कच्चा तेल यहां स्थित भंडारण टर्मिनलों तक लाया जाता है और वहां से बड़े तेल टैंकरों के जरिए निर्यात किया जाता है। यहां अबूजर, फरोजान और दुरूद जैसे प्रमुख समुद्री तेल क्षेत्रों से कच्चे तेल की आपूर्ति होती है। द्वीप की गहरे पानी की सुविधाएं बड़े तेल टैंकरों को संभालने में सक्षम हैं, जिसके कारण यह ईरान के तट पर उन कुछ स्थानों में से एक है जहां से बड़े पैमाने पर तेल निर्यात संभव है। तेल निर्यात के कारण यह द्वीप सैन्य दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे मिलने वाला राजस्व ईरान की रक्षा व्यवस्था और सुरक्षा संस्थानों के लिए प्रमुख वित्तीयु ोत माना जाता है। इसी कारण ईरान ने यहां मजबूत सैन्य और सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित कर रखी हैं। यह द्वीप पहले भी ईरान-इराक युद्ध के दौरान हमलों का निशाना बन चुका है, जब खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा प्रतिष्ठान संघर्ष के दौरान प्रमुख लक्ष्य बन गए थे। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि उनके निर्देश पर अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने खार्ग द्वीप पर स्थित सैन्य लक्ष्यों पर क्षेत्र के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक को अंजाम दिया और वहां के सभी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बलों ने जानबूझकर द्वीप के तेल बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया। साथ ही उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है तो अमेरिका अपना निर्णय बदल सकता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान किसी भी ऐसे लक्ष्य की रक्षा करने में सक्षम नहीं है, जिसे अमेरिका निशाना बनाना चाहे और यह भी कहा कि ईरान को कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा।



■ ट्रम्प ने ईरान की सेना से हथियार डालने और 'अपने देश का जो कुछ बचा है उसे बचाने' की चेतावनी भी दी है

## एम्सटर्डम में यहूदी स्कूल पर हमला कोई हताहत नहीं

**एम्सटर्डम/हेग।** नीदरलैंड्स की राजधानी एम्सटर्डम में शुक्रवार देर रात एक यहूदी स्कूल में विस्फोट हुआ जिससे स्कूल की बाहरी दीवार को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के समय कोई भी वहां मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। डच प्रधानमंत्री रॉब जेटन ने भी इस हमले को 'भयानक' बताया और स्पष्ट किया कि नीदरलैंड्स में यहूदी-विरोध के लिए कोई स्थान नहीं है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति विस्फोटक उपकरण रखते हुए दिखाई दे रहा है। इस मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी गई है। एम्सटर्डम की मेयर फेमके हल्सेमा ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे यहूदी समुदाय के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रमण करार दिया है।



**जम्मू। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान मामले दर्ज कराने के लिए अदालत पहुंचे लोग।**

## तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से रूस को मिलेगा अवसर: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** ईरान संकट के बीच रूसी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से रूस के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने नेविगेटर प्रिंसिपल इन्वेस्टर्स कंपनी के डायरेक्टर काइल शोस्टैक के हवाले से यह जानकारी दी। शोस्टैक ने कहा कि रूस के प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख एवं विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष दूत किरिल दिमित्रीव ने 11 मार्च को मियामी में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की थी। इस बैठक का उद्देश्य वैश्विक ऊर्जा बाजार में चल रहे संकट पर चर्चा करना था।

## अमेरिका में भी आएगा एसआईआर जैसा कानून

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ट्रम्प सरकार, ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए आलोचकों के निशाने पर है। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर भी ट्रम्प प्रशासन घिरा हुआ है और इसकी वजह हैसेव कानून ('सेफगार्ड अमेरि. कन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट')। इस कानून के तहत अमे. रिका में भी अब लोगों को मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के लिए अपनी नागरिकता का सबूत देना होगा। यह भारत की एसआईआर प्रक्रिया जैसा ही है। यही वजह है कि इसकी तुलना एसआईआर से की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि वे अमेरिकी चुनावी प्रक्रिया का राष्ट्रीयकरण करना चाहते हैं। अभी अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया एक संघीय प्रणाली है जिसमें संविधान प्रत्येक राज्य को अपने-अपने तरीके से चुनाव कराने की छूट देता है। हालांकि अमेरिकी संविधान में प्रावधान है कि अमेरिकी कांग्रेस चुनाव नियमों में बदलाव कर सकती है। अब राष्ट्रपति ट्रम्प अपने विधायी बहुमत के दम पर चुनाव प्रक्रिया को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया में बदलाव के बाद रिपब्लिकन पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहेगा।

# ईरान ने दी ट्रम्प को खुली चेतावनी

## अगर अमेरिका मोजतबा खामेनेई को निशाना बनाता है, तो ईरान गंभीर कार्रवाई करेगा: जलाली



■ युद्धपोत आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा: ईरान सेना प्रमुख

**मास्को/तेहरान।** रूस में ईरान के राज. दूत काजेम जलाली ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि यदि अमेरिका ईरान के नय सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या करने का प्रयास करता है, तो उसे गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

जब उनसे पूछा गया कि यदि अमेरिका और इजरायल ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या का प्रयास करते हैं, तो ईरान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो जलाली ने कहा कि आप आज ईरान की प्रतिक्रिया देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने नेता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के लिए खून का बदला चाहते हैं। लोग गुस्से में हैं और इस रक्तपात का बदला लेने की मांग कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से अमेरिकियों को अतीत में भी गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है और भविष्य में भी करना पड़ेगा। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। ईरान ने इसका जवाब देते हुए इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में मौजूद अमे. रिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। अमेरिका और इजरायल ने शुरू में दावा किया है कि उनका यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम से होने वाले संभावित खतरे का मुकाबला करने के लिए जरूरी था, लेकिन जल्द ही उन्होंने कहा कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। सैन्य अभियान के पहले ही दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। इस्लामिक गणराज्य ने 40 दिनों के शोक की घोषणा की। आठ मार्च को खामेनेई के पुत्र मोजतबा को ( जो अभी तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं) उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया। वहीं ईरान की सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातामी ने चेतावनी दी है कि हिंद महा. सागर में सैन्य अभ्यास से लौटते समय, देश के सबसे नए युद्धपोतों में से एक आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा। ईरान की इस्लामी गणराज्य समाचार एजेंसी (इरना) के अनुसार, उन्होंने कहा कि डेना के चालक दल ने एक शांतिपूर्ण मिशन पूरा किया था और ईरान लौटते समय उन्हें निशाना बनाया गया। इन नाविकों पर हमला तब किया गया, जब वे किसी सीधी लड़ाई में शामिल नहीं थे। हातामी ने कहा कि डेना का नाम और उसके चालक दल का बलिदान ईरान के नौसैनिक इतिहास में साहस और समर्पण का प्रतीक बना रहेगा। सेना ईरान की समुद्री सीमाओं की रक्षा करेगी और अपनी नौसैनिक शक्ति को और भी अधिक दृढ़ता के साथ मजबूत करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने चार मार्च को हिन्द महासागर में आईरिस डेना को टोरपीडो से हमला करके डुबो दिया था। श्रीलंका की नौसेना ने इस पोत पर सवार ईरानी नौसैनिकों की अपील के बाद बचाव अभियान में 32 लोगों की जान बचाई। इस हमले में 84 नौसैनिकों को जान गंवानी पड़ी थी।

## ईरानी विदेश मंत्री ने कसा ट्रम्प पर तीखा तंज

■ कहा: पहले रोका और अब पूरी दुनिया से रूस से तेल खरीदने की भीख मांग रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को रूसी तेल पर अमेरिका के रुख की आलोचना करते हुए दावा किया कि वाशिंगटन अब दुनिया भर के देशों से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है, जबकि पहले उसने रूस से तेल न खरीदने का दबाव डाला था।

एक्स पर साझा एक पोस्ट में, अराघची ने कहा कि अमेरिका ने भारत को रूस से तेल आयात बंद करने के लिए धमकाने में महीनों बिताए। ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्ध के बाद, व्हाइट हाउस अब दुनिया से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की भीख मांग रहा है। ईरानी विदेश मंत्री ने यूरोपीय देशों की भी आला. ेचना की। उन्होंने दावा किया कि यूरोपीय देश बदले में रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। अराघची ने कहा कि यूरोप ने सोचा था कि ईरान पर अवैध युद्ध का समर्थन करने से उन्हें रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन मिल जाएगा। यह बहुत ही दयनीय है। इस बीच, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान ने भारत के झंडे वाले दो लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वाहक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सऊदी अरब का तेल ले जा रहा एक कच्चा तेल टैंकर शनिवार को भारत पहुंचने की उम्मीद है, जो 1 मार्च के आसपास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा था। इससे पहले, भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने पुष्टि की थी कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत जाने वाले जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा।

## ईरान ने अपने खतरनाक मिसाइल शाहेद की दिखाई झलक

**तेहरान।** ईरान की सेना ने गुरुवार को अपने आत्मघाती ड्रोन्स के बेड़े की झलक दिखाई, जिनके दम पर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाधित करने की योजना बना रहा है। ईरान के सरक. ारी टीवी ने एक भूमिगत परिसर के अंदर फिल्माए गए फुटेज जारी किए। इस भूमिगत परिसर को ईरानी अधिकारी मिसाइल शहर बता रहे हैं।

ईरान ने जो वीडियो जारी किया है, उसमें बड़ी संख्या में नौसैनिक ड्रोन, जहाज रोधी मिसाइलें दिखाई दे रही हैं। अतिरिक्त फुटेज में कुछ हथियारों को दागते हुए भी दिखाया गया है। हालांकि ये साफ नहीं है कि ये रिकार्डिंग कब की है। वीडियो में दिख रहा है कि भूमिगत सुरंग में नौसेना के ड्रोन, जिन्हें यूएसवी भी कहा जाता है, बड़ी संख्या में हैं। गौरतलब है कि ये ड्रोन पहले से ही फारस की खाड़ी में तेल टैंकरों पर हमले कर रहे हैं, जिससे होर्मुज में रणनीतिक रूप से अहम शिपिंग मार्ग आंशिक रूप से बाधित चल रहा है। ये छोटे यान पानी की सतह पर या पानी के नीचे चलते हैं। ये विस्फोटक से भरे होते हैं और तेल टैंकरों से टकराते ही फट जाते हैं। 1 मार्च को ओमान के तट के पास एक कच्चे तेल के टैंकर को ऐसे ही ड्रोन्स की मदद से निशाना बनाया गया था। इस हमले में तेल टैंकर में विस्फोट के साथ आग लग गई थी और चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई थी। इसी तरह कई अन्य जहाजों पर हमले के लिए भी ईरान ने इन्हीं ड्रोन का इस्तेमाल किया है। ईरान के कामीकेज ड्रोन्स, जिन्हें आत्मघाती ड्रोन्स या शाहेद ड्रोन्स भी कहा जाता है। ये कितने खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ये ड्रोन 2000 किलोमीटर दूरी तक विस्फोटक ले जाने में सक्षम हैं। एक ड्रोन आसानी से 40-50 किलो विस्फोटक ले जा सकता है। ये ड्रोन 180-200 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। इन ड्रोन की लागत भी बेहद कम है और ये कुछ लाख रुपये में तैयार हो सकते हैं। इन ड्रोन्स की मदद से ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल टैंकरों को आसानी से निशाना बना सकता है।



■ आत्मघाती ड्रोन्स से ईरान ने बनाई होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाधित करने की योजना

# लेबनान में अस्पताल पर इजरायली हमला

■ 12 चिकित्सा कर्मियों की मौत, मरने वालों में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स शामिल
■ इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जारी हिंसा का एक हिस्सा बताया

**बेरूत।** लेबनान के एक अस्पताल में हुए इजरायली हमले में डाक्टरों, नर्सों सहित 12 लोगों की मौत हो गई है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि दक्षिण लेबनान के बित जबेल जिले के बुर्ज कलौइया गांव में एक स्वास्थ्य केंद्र पर इजरायली हमले को अंजाम दिया गया। मरने वालों में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स शामिल हैं।

मंत्रालय ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जारी हिंसा का एक हिस्सा बताया है। इससे कुछ ही घंटे पहले सुआनेह गांव में एक अन्य अस्पताल को भी निशाना बनाया गया था, जिसमें दो कर्मियों की मौत हो गई थी। लेबनान में सक्रिय हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि वह इजरायल के साथ लंबी लड़ाई के लिए तैयार है। उसने यह भी कहा है कि यह उसके वजूद बचाने की भी जंग है। वहीं, इजरायली अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर हिजबुल्लाह अपनी गति. विधियों को नहीं रोकता है, तो लेबनान के राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को और अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया जाएगा। सैन्य मोर्चे पर, इजरायली सेना ने कल लिटानी नदी पर बने एक महत्वपूर्ण पुल को नष्ट कर दिया। इजरायल का दावा है कि हिजबुल्लाह इस पुल का उपयोग हथियारों और लड़ाकों की आवाजाही के लिए कर रहा था। इजरायल का दावा है कि यह पुल हिजबुल्लाह के लिए उत्तर से दक्षिण की ओर हथियारों और लड़ाकों को भेजने का मुख्य मार्ग था। इस पुल के टूटने से टायर, बित जबेल और नबातिएह जैसे प्रमुख शहरों का संपर्क कट गया है। हवाई हमलों का सिलसिला राजधानी बेरूत तक पहुंच गया है। इजरायली विमानों ने बेरूत के घनी आबादी वाले उत्तरी उपनगर 'बुर्ज हम्मूद' में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। इसके अलावा, दक्षिणी तटीय शहर सिडोन के 'हारेत सैदा' इलाके में भी एक रिहायशी इमारत पर हमला हुआ, जिससे वहां भीषण आग लग गई। गौरतलब है कि शुक्रवार तक लेबनान में इस जंग के कारण 773 लोगों की मौत हो चुकी है और मरने वालों में 103 बच्चे शामिल हैं।

## उत्तर कोरिया ने जापान सागर की दिशा में दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**सोल।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर (जापान सागर) की दिशा में लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की संयुक्त सेना प्रमुख समिति ने यह जानकारी दी। योनह. ाप समाचार एजेंसी के अनुसार, समिति ने बताया कि मिसाइलों का प्रक्षेपण उत्तर कोरिया के सुनान क्षेत्र से किया गया। यह इस वर्ष उत्तर कोरिया द्वारा किया गया तीसरा बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण है। दक्षिण कोरिया और जापान ने इस परीक्षण की पुष्टि की है, जो क्षेत्र में सैन्य तनाव को बढ़ाता है। यह मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी। जापान और दक्षिण कोरिया ने इस हरकत को भड़काऊ बताया और इसकी कड़ी निंदा की।

# पाकिस्तान पर अफगानिस्तान का पलटवार

## कुनार-नंगरहार प्रांत में मारे गए 14 पाक सैनिक



■ यह कार्रवाई पाक की ओर से पहले किए गए हवाई हमलों और गोलाबारी के जवाब में की गई बताई जा रही है

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा क्षेत्र डूरंड लाइन पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी सेना ने पाकिस्तान की सैन्य चौकियों पर कार्रवाई की, जिसमें कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और कुछ घायल हुए। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से पहले किए गए हवाई हमलों और गोलाबारी के जवाब में की गई बताई जा रही है।

अफगान रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अफगान सेना ने पूर्वी क्षेत्र के कुनार और नंगरहार प्रांतों में डयूरंड लाइन के पास सैन्य ऑपरेशन चलाया। मंत्रालय का कहना है कि इस कार्रवाई में पाकिस्तान के 14 सैनिक मारे गए और 11 घायल हुए। इसके अलावा एक बख्तरबंद टैंक और एक सैन्य वाहन भी पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा कि यह ऑपरेशन पाकिस्तान की सेना द्वारा किए गए हमलों के जवाब में किया गया। अफगानिस्तान ने यह भी दावा किया कि उसकी वायुसेना ने पाकिस्तान के एक रणनीतिक सैन्य केंद्र हमजा पर हवाई हमला किया। यह हमला रिजेक्ट आप्रेशन नाम के जवाबी अभियान के तहत किया गया बताया गया है। अफगान सरकार का कहना है कि जब तक पाकिस्तान की तरफ से हमले बंद नहीं होते, तब तक उनकी जवाबी कार्रवाई जारी रहेगी। इससे पहले पाकिस्तान की वायुसेना ने अफगानिस्तान में कई जगहों पर हवाई हमले किए थे। अफगान अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। अफगान एयरलाइन काम एयर के अधिका. रियों ने बताया कि कंधार हवाई अड्डे पर रखा गया ईंधन भंडार भी पाकिस्तानी हवाई हमले में प्रभावित हुआ। यह ईंधन इस साल की हज उड़ानों के लिए रखा गया था, जिससे अब उड़ानों पर असर पड़ने की आशंका है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तान पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि जिस ईंधन भंडार पर हमला हुआ, उससे घरेलू एयरलाइनों और संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन मिलता था। संयुक्त राष्ट्र की अफगानिस्तान सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने भी हालिया हमलों को लेकर चिंता जताई है।

# कांशीराम और बहुजन आंदोलन...



**डॉ. उदित राज**



**कांशीराम** का जन्म 15 मार्च 1934 को रोपड़ जिले के खवासपुर गांव में एक साधारण दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम हरि सिंह और माता का नाम बिशन कौर था। ये एक दलित रामदासिया सिख परिवार से थे। प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त करने के बाद उन्होंने विज्ञान विषय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की और उसके बाद रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक सहायक के रूप में नौकरी की। कांशीराम उस समय पुणे में स्थित डीआरडीओ की प्रयोगशाला में कार्यरत थे। वहां एक दिन कार्यालय में छुट्टियों की सूची से अंबेडकर जयंती की छुट्टी हटा दी गई थी और उसकी जगह किसी अन्य धार्मिक पर्व की छुट्टी रख दी गई थी। जब एक दलित कर्मचारी, दीना भाना, ने इसका विरोध किया और कहा कि डा अम्बेडकर दलितों के आदर्श और संविधान के निर्माता हैं, इस लिए उनकी जयंती की छुट्टी रहनी चाहिए, तो प्रबंधन ने उसकी बात सुनने के बजाय उसे अनुशासनहीनता के आरोप में दंडित कर दिया। यह घटना कांशीराम को बहुत गहराई से झकझोर गई। उन्हें महसूस हुआ कि जिस व्यक्ति ने भारत का संविधान बनाया, उसी के अनुयायियों और समाज के साथ आज भी भेदभाव किया जा रहा है नौकरी के दौरान उन्हें समाज में मौजूद जातिगत भेदभाव और असमानता को करीब से देखने का अवसर मिला। यही अनुभव आगे चलकर उनके जीवन की दिशा बदलने का कारण बना। 1960 के दशक में उन्होंने यह निश्चय किया कि वे अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित करेंगे। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और सामाजिक आंदोलन शुरू किया। उनका मानना था कि जब तक दलित और पिछड़े वर्ग राजनीतिक रूप से संगठित नहीं होंगे, तब तक उन्हें अधिकार और सम्मान नहीं मिलेगा। कांशीराम ने सबसे पहले सरकारी कर्मचारियों को संगठित करने का प्रयास किया। 1978 में उन्होंने बामसेफ की स्थापना की। इस संगठन का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक कर्मचारियों को सामाजिक जागरूकता के लिए तैयार करना था।

इसके बाद उन्होंने 1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति (डीएस-4) की स्थापना की। इसका नारा था। ब्राह्मण, ठाकुर, बनिया छोड़, बाकी सब हैं डीएस-4 इस संगठन का उद्देश्य दलितों और पिछड़ों को सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए तैयार करना था। कांशीराम का सबसे बड़ा योगदान 1984 में बीएसपी बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की स्थापना किया। इस पार्टी का मुख्य उद्देश्य दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों को राजनीतिक शक्ति दिलाना था। कांशीराम का प्रसिद्ध नारा था-जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। उन्होंने बहुजन समाज की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए पूरे देश में यात्रा की और लोगों को संगठित किया। उनकी मेहनत का परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे बीएसपी एक मजबूत राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी। उन्होंने मायावती को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी। मायावती आगे चलकर उ.प्र. की चार बार मुख्यमंत्री बनीं। कांशीराम का मानना था कि सामा. जिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम राजनीतिक शक्ति है। वे कहते थे कि जब तक बहुजन समाज के लोग सत्ता में भागीदारी नहीं करेंगे, तब तक उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन नहीं आएगा। उन्होंने देशभर में हजारों सभाएं कीं, यात्राएं निकालीं और लोगों को संगठित किया। उनके प्रयासों से लाखों लोगों में राजनीतिक चेतना आई। उनके आंदोलन ने भारतीय राजनीति में एक नया सामाजिक समीकरण स्थापित किया, जिसे 'बहुजन राजनीति' के रूप में जाना जाता है। मलेशिया की राजधानी कौलालम्पुर में विश्व दलित सम्मेलन का आयोजन 1998 में हुआ, जिसमें कांशीराम जी, रामविलास पासवान जी, फूलन देवी जी सहित अन्य लोग भारत से आमंत्रित किए गए थे और मैं भी पहुंचा। दक्षिण भारत से गए दलितों की अच्छी संख्या वहां पर अतीत में जाकर बस गई थी और पंजामूर्ति वहां के सांसद थे और उन्हीं की अगुवाई में सम्मेलन आयोजित किया गया था। कांशीराम जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत में सभी बहुजन जातियों का इतना संगठन खड़ा करेंगें कि सवर्ण चिल्लाने लगेंगे। मैं चौका कि ए तो जातियों का संगठन खड़ा करने की बात कर रहें हैं जबकि डा अंबेडकर जाति विहीन समाज बनाना चाहते थे। 2001 में अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ द्वारा दस लाख दलितों को बौद्ध बनाने की घोषणा किया तो दलितों में एक बड़ा विमर्श पैदा हो गया। भोपाल में कांशीराम जी से कुछ लोगों ने पूछा तो उन्होंने कहा कि वे करोड़ों लोगों के साथ दीक्षा लेंगे। इसका असर पड़ा कि कुछ लोग इस बड़ी घोषणा के कारण नहीं शामिल हुए। 1996 में कुछ महीनों के लिए मैं उनके बड़े करीब था और यह कैसे हुआ, पता न चला। उस समय मायावती जी उप्र की सीएम थीं और दिल्ली के हुमायूं रोड स्थित आवास पर कांशीराम जी रहते थे और मैं अक्सर चला जाता था और कभी नहीं जा पाते थे तो वे बुला लेते थे।


एक दिन उनके सचिव गौतम ने कहा कि बहन जी को खबर लग गई है कि मैं साहब के बहुत करीब हो गया हूं। वो बताते थे कि मायावती जी नियमित रूप से खबर लेती थीं कि कौन आता जाता था। उनकी बहन मुन्नी भी ताक-झांक करती रहती थीं। गौतम ने मुझे बताया कि आप की खबर बहन जी तक पहुंच गई है, अत: बच के रहें। इस तरह से अचानक मैं आना-जाना बंद कर दिया और जब कभी उसके बाद मिले भी तो पूछा क्यों नहीं मिलते, जवाब क्या देना था। उस समय तक यह बात सबकी समझ में आ गई थी कि कोई कितना करीब कांशीराम जी के हो, अगर मायावती की नजर में चढ़ गया तो कोई बचा नहीं सकता। बिना संदेह कांशीराम जी का समाज की राजनीतिक जागृति करने में योगदान रहा है लेकिन कुछ सवालों के जवाब मिलते नहीं। फ्री शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण के कारण दलितों में मध्यम वर्ग पैदा हुआ और वही कांशीराम जी के साथ सबसे पहले तन-मन-धन से खड़ा हुआ। कुछ सवालों के जवाब मिलते नहीं जैसे उनकी आक्रामकता कांग्रेस के खिलाफ रही लेकिन आरएसएस पर कभी कुछ नहीं बोला। चमचा युग में कांग्रेस के सबसे बड़े दलित नेता जगजीवन राम जी को इतना बदनाम किया कि लोग उनसे घृणा करने लगे और मजे की बात रही कि कांग्रेस ने अनसुना किया जिसका परिणाम भुगतना पड़ा। कांग्रेस बनाम अम्बेडकर नैरेटिव के कारण दलित कांग्रेस से दूर जाता रहा और कांग्रेस चुप रही और परिणामस्वरूप उत्तर भारत में जनाधार खो गई।

**( लेखक पूर्व सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष, दलित, ओबीसी, मॉइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ डोमा परिसंघ, राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस, राष्ट्रीय चेयरमैन, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस केकेसी है। )**

# इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा बनना बेहद खास और महत्वपूर्ण पल : शर्वरी




बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी के लिए इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनना उनके करियर के सफर में एक बेहद खास और महत्वपूर्ण पल है। फिल्मकार इम्तियाज अली की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज हो गया है, जिसने दर्शकों को आने वाली इस प्रेम कहानी की भावनात्मक दुनिया की पहली झलक दी।



दिलजीत दोसांझ, वेदांग रैना, शर्वरी और दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकारों को एक साथ लाने वाली यह फिल्म इम्तियाज अली की अगली परियोजना है। इसके काव्यात्मक दृश्यों और इम्तियाज अली की पहचान बन चुकी भावनात्मक कहानी कहने की शैली के कारण यह फिल्म सोशल मीडिया पर पहले ही काफी चर्चा और उत्साह पैदा कर चुकी है। टीजर के सामने आने के बाद पैदा हुए उत्साह के बीच अभिनेत्री शर्वरी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्मकार के लिए एक बेहद निजी और भावनात्मक नोट साझा किया। शर्वरी लंबे समय से इम्तियाज अली को अपने सपनों के सहयोगी के रूप में देखती रही हैं। शर्वरी के लिए इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनना उनके करियर के सफर में एक बेहद खास और महत्वपूर्ण पल है, क्योंकि वर्षों से उनकी कहानियों और उनके किरदारों ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है। इस सहयोग तक पहुंचने वाले अपने सफर को याद करते हुए शर्वरी ने इम्तियाज़ के लिए एक भावुक संदेश लिखा। फिल्म मैं वापस आऊंगा 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

## कप्तान में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे साकिब

**मुंबई।** अभिनेता साकिब सलीम अपने अगले ओटीटी सीरीज़ कप्तान में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी ओरिजिनल सीरीज कप्तान का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें मुख्य भूमिका में साकिब सलीम नजर आ रहे हैं। सीरीज में साकिब समरदीप सिंह नाम के एक समर्पित पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जो बदले की आग और एक ईमानदार अफसर होने की जिम्मेदारी के बीच खुद को फंसा हुआ पाता है।



इस पोस्टर में साकिब पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं, जो इशारा करता है कि यह कहानी एक्शन से भरपूर होने वाली है। दर्शकों ने अब तक साकिब को पुलिस अधिकारी के रूप में नही देखा है, लेकिन यह पोस्टर साफ दिखाता है कि वह इस किरदार के जरिए अपने अभिनय के नए आयाम पेश करने के लिए तैयार हैं। कप्तान में साकिब सलीम के साथ कविता कौशिक, सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अनुष्का कौशिक, पूजा गोर और विक्रम कोचर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## इंडस्ट्री को मिलेंगे नए सितारे, एकता ने शुरू किया हुनर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर के नेतृत्व वाले बाला. जी टेलीफिल्म्स ने हुनर को लॉन्च करने की घोषणा की है। हुनर एक नई टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी है, जो कलाकारों को निखारने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कहानी कहने एवं परफॉर्म करने के कल्चर को मजबूत करने के लिए समर्पित है। हुनर का मकसद बॉलीवुड और भारतीय टेलीविजन के मशहूर एक्टर्स और क्रिएटर्स को एक साथ लाना है। यह उन्हें एक ऐसा प्लेटफॉर्म देगा, जो न केवल उनके आर्टिस्टिक ग्रोथ में मदद करेगा, बल्कि उन्हें अच्छे मौके दिलाने में भी साथ देगा। टैलेंट को तराशने और यादगार कहानियां बनाने की बालाजी की पुरानी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस पहल को कलाकारों को सही गाइडेंस, बेहतर रिप्रेजेंटेशन और एक ऐसा माहौल देने के लिए डिज़ाइन किया गया है जहां क्रिएटिविटी को बढ़ावा मिल सके।







